भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 337 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज   गुरूवार 23 दिसम्बर 2021   विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**क्रियायोग संदेश**

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## सलमान खुर्शीद की पुस्तक में हिंदुत्व की बोको हरम और कक्कर से तुलना
### अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**लखनऊ।** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद द्वारा विवादित पुस्तक सनराइज ओवर अयोध्या मे हिन्दुत्तव की तुलना बोको हरम एवं आईएसआईएस इस्लामी आतंकी संगठन से करने को लेकर दायर अर्जी पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शांतनु त्यागी ने बख्शी का तालाब थानाध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वह आरोपी सलमान खुर्शीद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना करें। अदालत के समक्ष रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी शिकायतकर्ता शुभांशी तिवारी ने दायर की है। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि सलमान खुर्शीद एक वरिष्ठ अधिवक्ता होने के साथ-साथ कई मंत्री पदों को भी सुशोभित कर चुके हैं तथा उनके द्वारा लिखी गई सनराइज ओवर अयोध्या नामक पुस्तक को पढ़ने के बाद पुस्तक के कुछ अंश उसे अत्यंत विवास्पद एवं हिंदू धर्म पर कुठाराघात करने वाले लगे। आरोप है कि पुस्तक के पृष्ठ 113 पर अध्याय 6 द सैफरन स्काई पर एक लाइन लिखी है। जिसमें हिन्दुत्व की तुलना इस्लामिक जिहादी एवं आतंकी संगठन आईएसआईएस व बोकोहरम से की गई है।

# तीसरी लहर का संकेत! ओमिक्रॉन फैलाव के बीच दिल्ली के बाद मुंबई में भी कोरोना केसों में उछाल

**नई दिल्ली, मुंबई।** देश में कोरोना केसों में लगातार हो रहे इजाफे के बीच एक्सपर्ट चेतावनी दे चुके हैं कि देश को नए साल की शुरूआत में ही कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर का सामना करना पड़ सकता है। इस बीच देश की राजधानी दिल्ली के बाद आर्थिक राजधानी मुंबई में भी कोरोना केसों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। दिल्ली में तो 6 महीने बाद सबसे अधिक केस मिले हैं। तो क्या यह कोरोना की तीसरी लहर की आहट है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान ये दोनों महानगर कोरोना का गढ़ बन गए थे। एक बार फिर दोनों जगहों पर कोरोना केसों में आ रहे उछाल ने चिंता बढ़ा दी है। मुंबई में बुधवार को कोरोना के 490 नए केस आए हैं, जबकि महाराष्ट्र में पिछले 48 दिनों में सबसे अधिक 1201 मरीज मिले हैं। मुंबई में मंगलवार के मुकाबले संक्रमण के 160 अधिक मामले आए हैं। मुंबई में तो 24 घंटे में किसी की जान नहीं गई है, लेकिन महाराष्ट्र में 8 मरीजों की कोरोना ने जान ले ली है। मुंबई में सोमवार को 204 और मंगलवार को 327 लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए थे। महाराष्ट्र में आज ओमिक्रॉन का कोई नया केस नहीं मिला है। नए वेरिएंट के राज्य में 65 केस मिल चुके हैं, जिनमें से 35 लोग स्वस्थ हो चुके हैं।



मुंबई में अब तक 7,68,148 लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके है, जबकि 16,366 मरीजों की मौत हुई है। 24 घंटे में शहर में 45,014 सैंपल की जांच की गई है। मुंबई में अब 2,419 एक्टिव केस हैं। 24 घंटे में यहां 229 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। यहां अब तक 7,46,784 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं और यहां रिकवरी रेट 97 फीसदी है। मुंबई में 14 इमारतों को सील किया गया है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में स्लम इलाकों में कोई कंटेनमेंट जोन नहीं है। दूसरी लहरे के दौरान 4 अप्रैल को सबसे अधिक 11,163 केस मिले थे, जबकि 1 मई को सर्वाधिक 90 मरीजों की मौत हुई थी। दिल्ली में 24 घंटे के दौरान 125 नए मामले सामने आए, जोकि छह महीने में सर्वाधिक आंकड़ा है। दिल्ली में आज संक्रमण दर 0.20 प्रतिशत रही।

ओमिक्रॉन खतरे के बीच बोले डब्लूएचओ प्रमुख

## बूस्टर डोज नहीं दोनों खुराकों पर ही देना चाहिए ध्यान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख टेड्रोस अदनोम घेब्रेयेसस ने बुधवार को चेतावनी दी कि अमीर देशों में कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएट से बचने के लिए बूस्टर डोज टीकाकरण तेजी से चलाया जा रहा है लेकिन, दुनिया का कोई भी देश इस महामारी से बाहर निकलने का रास्ता नहीं बना सकता। डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस अदनोम घेब्येयियस ने कहा कि प्राथमिकता होनी चाहिए कि मौतों को कम किया जाए और सभी देशों को न्यूनतम टीकाकरण लक्ष्यों को पूरा करने में मदद की जाए जो अभी भी कई देशों तक नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती होने और होने वाली मौतों का अधिकांश हिस्सा बिना टीकाकरण वाले लोगों में है, न कि बिना बूस्ट वाले लोगों में। बुधवार को डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस ने कहा कि कोरोना के खिलाफ टीके बेहद कारगर हैं इसी वजह से इस साल कई लोगों की जान बच सकी।

## यूके में कोरोना के रिकॉर्ड केस, 24 घंटे में 1 लाख से ज्यादा संक्रमित

**लंदन।** कोरोना वायरस का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन पूरी दुनिया को अपनी जद में लेता जा रहा है। इस वजह से दुनियाभर के कई देशों (भारत में भी) कोरोना संक्रमण के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रहा है। यूके में बुधवार को 1 लाख 6122 नए कोरोना संक्रमित मामले दर्ज हुए। यूके में ये पहली बार है जब कोरोना संक्रमितों का दैनिक आंकड़ा एक लाख पार चला गया। ओमिक्रॉन खतरे के बीच यूके में कोरोना केस लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बुधवार को कोरोना के 1लाख 6122 नए केस सामने आए। यूके मे अभी तक कोरोना से 1 लाख 47573 लोगों की मौत हो चुकी है। यूके में ये पहली बार है जब कोरोना संक्रमितों का दैनिक आंकड़ा एक लाख पार कर गया हो। यूके सरकार ओमिक्रॉन के बढ़ते केस और अब दैनिक आंकड़ों में वृद्धि को लेकर चिंता में है। महामारी शुरू होने के बाद से यूके में 11 मिलियन से अधिक कोरोना संक्रमित केस आ चुके हैं। ब्रिटेन इस वक्त यूरोप में कोरोना वायरस से सबसे अधिक प्रभावित देश है। सरकार जनता से तीसरी वैक्सीन यानि बूस्टर शॉट लेने का आग्रह कर रही है। अभी तक देश में 30 मिलियन लोगों को बूस्टर डोज लग चुकी है। बावजूद इसके संक्रमण की रफ्तार कम होने का नाम नहीं ले रही है।

## 2014 से सुनने को नहीं मिलता था 'मॉब लिंचिंग' शब्द, राहुल गांधी के इस दावे में कितना दम?



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2014 के पहले 'मॉब लिंचिंग' शब्द सुनने को नहीं मिलता था। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने राहुल की बात को नकारते हुए जोरदार पलटवार किया और सिख विरोधी दंगे सहित कांग्रेस शासन काल में हुए कई कत्लेआम गिना डाले। कांग्रेस और बीजेपी में चल रहे आरोप-प्रत्यारोप से अलग आखिर सच्चाई क्या है? क्या सचमुच 2014 के बाद ही देश में मॉब लिंचिंग की घटनाएं शुरू हुईं, या फिर देश में पहले भी भीड़ का खौफनाक चेहरा दिखता रहा है? 2010 से 2017 के बीच मीडिया रिपोर्ट्स के विश्लेषण से पता चलता है कि 2014 से पहले भी मॉब लिचिंग की दर्जनों घटनाएं हुई हैं। 2010 से 2017 के बीच कम से कम ऐसी 63 घटनाएं मीडिया की सुर्खियों में आईं और जाहिर सी बात है 'मॉब लिंचिंग' उस समय भी देश के सामने एक गंभीर समस्या थी। चोरी के शक, सांप्रदायिक हिंसा, ऑनर किलिंग और गौ रक्षा जैसे मुद्दों पर भीड़ ने आरोपियों को पीट-पीटकर मार डाला। बता दें अप्रैल 2014 तक देश में कांग्रेस की सरकार की थी।2010 से 2017 के बीच गौ रक्षा को लेकर हुई हिंसा की 63 में से 32 घटनाएं उस समय की बीजेपी शासित राज्यों में हुई थीं, जबकि 8 घटनाएं कांग्रेस शासित प्रदेशों में हुईं। अन्य घटनाएं समाजवादी पार्टी (उत्तर प्रदेश), पीडीपी (जम्मू-कश्मीर) और आम आदमी पार्टी (दिल्ली) के शासन वाले प्रदेशों में हुईं। अप्रैल 2011 में मणिपुर के थोबाल जिले के सोरा गांव में जिला परिषद सदस्य की हत्या के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपी माजिबुलाह और उसकी पत्नी नूरसाना की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। 2012 में गुड़गांव के पास मानेसर में मारुति फैक्ट्री में जीएम की मॉब लिंचिंग की घटना को दुनियाभर में मीडिया ने जोरशोर से उठाया।

# ओमिक्रॉन को लेकर सीएम योगी का बड़ा आदेश



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि ट्रेस, टेस्ट, ट्रीट और टीकाकरण की नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश में कोविड संक्रमण नियंत्रण में है। उन्होंने कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को निरंतर बेहतर रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोविड प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन कराया जाए। नए वेरिएंट ओमीक्रोन की रोकथाम के लिए केंद्र सरकार के नए दिशा-निदेशों के अनुसार सभी उचित कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सरकारी आवास पर उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के दौरान कहा कि कोविड टीकाकरण को और तेज करने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएं। रोजाना 20 लाख कोविड टीकाकरण का लक्ष्य रखा जाए, जिससे एक समयसीमा के अंदर सभी लक्षित आयु वर्ग को वैक्सीनेट किया जा सके। टीकाकरण की उपयोगिता के संबंध में लोगों को जागरूक भी किया जाए।

मुख्यमंत्री को बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 18 करोड़ 88 लाख 31 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी हैं। यह भी बताया गया कि पिछले 24 घंटों में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के 21 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 14 व्यक्तियों को डिस्चार्ज किया गया। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 216 है। प्रदेश के 39 जिलों में कोविड का एक भी मरीज नहीं है।

## पहले सरकारी नौकरी की भर्ती निकलते ही शुरू हो जाती थी वसूली की तैयारी : सीएम योगी

**सोनभद्र।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकार में नौकरियां निकलते ही वसूली करने के लिए निकल पड़ते थे। अब की सरकार में सीधे नौकरी मिलती है। सोनभद्र में बुधवार को करीब 514 करोड़ की 78 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सीएम ने कहा कि अब डबल इंजन की सरकार जनता का इशारा समझते ही विकास के लिए निकल पड़ती है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार में रामभक्तों पर गोली बरसाई जाती थीं और अब पुष्प वर्षा होती है।

## लॉयन सफारी का उद्घाटन भी नहीं करा सकी यूपी सरकार : अखिलेश

**इटावा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार की दोपहर बाद इटावा सफारी पार्क पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लॉयन सफारी का उद्घाटन तक नहीं करा सकी है। जितना काम यहां सपा सरकार में हुआ था उसके बाद कुछ भी नहीं हुआ है। सपा अध्यक्ष सफारी पार्क में एक घंटे से अधिक समय तक रुके। चुनिंदा लोगों संग पार्क में अखिलेश ने कहा कि सपा सरकार में यह बनाया गया था और लॉयन सफारी भी बनकर तैयार की गई थी, लेकिन तब से अब तक कुछ भी नहीं बढ़ा बल्कि लॉयन सफारी तक का उद्घाटन प्रदेश सरकार नहीं कर सकी।

यहां से सपा अध्यक्ष अपने आवास सैफई चले गये। इसके पहले वह अजीतनगर में रहने वाले सपा कार्यकर्ता मनीष कठेरिया के घर पहुंचे। यहां 15 दिसंबर को उनके पिता रिटायर सब इंसपेक्टर राजेंद्र सिंह का निधन हो गया था।

# यूपी चुनाव 2022 : जाट लैंड में आज अखिलेश यादव और जयंत चौधरी दिखाएंगे दमखम

**अलीगढ़।** किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर गुरुवार को इगलास के मंडी रोड स्थित मैदान में सपा-रालोद की संयुक्त रैली होने जा रही है। इस रैली में रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत 11 बजे व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव 12 बजे पहुंचेंगे। दोनों अपने-अपने निजी हेलीकॉप्टरों से आएंगे। हेलीकॉप्टरों के लिए प्रशासन की अनुमति के बाद हेलीपैड बनाया गया है। इसके अलावा 140 बीघा के मैदान में यह रैली होगी। जिसमें लाखों की भीड़ जुटाने का दावा सपा और रालोद के पदाधिकारियों की ओर से किया जा रहा है। टिकट के दावेदारों के लिए यह रैली अग्निपरीक्षा है। रैली के मंच पर सपा से 35 और रालोद से 35 नेताओं को स्थान दिया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित पूर्व जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। रैली के जरिये जाटलैंड की मजबूत सीट मानी जाने वाली इगलास विधानसभा सहित पूरे वेस्ट यूपी को सपा-रालोद शक्ति प्रदर्शन की तैयारी में है। चौधरी चरण सिंह के नाम पर रालोद जाटों को और सपा अन्य बिरादरियों को साधने की कोशिश करेगी। रैली को सफल बनाने के लिए दोनों पार्टियों के पदाधिकारियों ने एड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। जाटलैंड की सियासत के महत्वपूर्ण पायदान के तौर पर पहचानी जाने वाली इस विधानसभा सीट पर तीन माह पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जनसभा कर चुके हैं। उन्होंने राजा महेंद्र प्रताप सिंह के नाम पर राज्य विवि की नींव रख जाटों को भाजपा पक्ष में करने की कोशिश की है। ऐसे में सपा-रालोद चौधरी चरण सिंह की जयंती के सहारे जाट दबदबे वाली इस सीट पर फिर से कब्जा करने की तैयारी में है।



## उनके नुमाइंदे मेरे हाथ-पांव बांध रहे हैं... उत्तराखंड में हरीश रावत ने गांधी परिवार के खिलाफ खोला मोर्चा




**नई दिल्ली।** लंबे समय तक पंजाब कांग्रेस की रार को थामने में जुटे रहे हरीश रावत ने अब उत्तराखंड में ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

चुनाव से ठीक पहले हरीश रावत ने पार्टी लीडरशिप और अन्य नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा है कि जिनके आदेश पर मुझे तैरना है, उनके नुमाइंदों ने मेरे हाथ-पांव बांध रखे हैं। एक के बाद एक तीन ट्वीट कर हरीश रावत ने अपनी भड़ास निकाली है। हरीश रावत ने लिखा है, 'है न अजीब सी बात, चुनाव रूपी समुद्र को तैरना है। सहयोग के लिए संगठन का ढांचा अधिकांश स्थानों पर सहयोग का हाथ आगे बढ़ाने की बजाय या तो मुंह फेर करके खड़ा हो जा रहा है या नकारात्मक भूमिका निभा रहा है। यही नहीं एक और ट्वीट में रावत ने लिखा, 'सत्ता ने वहां कई मगरमच्छ छोड़ रखे हैं।

# 200 करोड़ मनी लॉन्ड्रिंग केस में नोरा फतेही बनेंगी सरकारी गवाह, महाठग के खिलाफ देंगी गवाही

**नई दिल्ली।** 200 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग के बाद चचाओं में आए महाठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय टीम को बड़ी सफलता मिली है। सुकेश चंद्रशेखर के साथ जैकलीन फर्नांडीस और नोरा फतेही का नाम भी सामने आया था। खबर है कि बॉलीवुड एक्ट्रेस और सुकेश चंद्रशेखर के झांसे में आ चुकी नोरा फतेही सरकारी गवाह बनने को तैयार हो गई है। नोरा ने हाल ही में इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट 2002 के सेक्शन 50 (2) और 50 (3) के तहत बयान दर्ज कराए थे। खबर ये भी है कि सुकेश से मिले महंगे गिफ्ट्स को नोरा और जैकलीन से ईडी बहुत जल्द जब्त भी कर सकती है। प्रवर्तन निदेशालय टीम 200 करोड़ की ठगी के मामले में सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ जांच कर रही है। सुकेश के साथ बॉलीवुड अभिनेत्रियों नोरा फतेही और जैकलीन फर्नांडीस का नाम भी सामने आया था। सुकेश ने दोनों अभिनेत्रियों को करोड़ों रुपए के गिफ्ट्स दिए थे। वहीं, टीम के साथ पूछताछ में नोरा फतेही ने अपने ऊपर लगे आरोपों को झूठा करार दिया था। अब इस मामले में एक और जानकारी सामने आई है, जिसके मुताबिक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोरा फतेही गवाह बनने जा रही है। खबरों के मुताबिक, मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक्ट्रेस नोरा फतेही अब ठग सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ गवाह होंगी। वह अभियोजन पक्ष की ओर से सुकेश चंद्रशेखर के खिलाफ गवाह के तौर पर पेश होंगी। सुकेश ने हाल ही में आरोप लगाया था कि उन्होंने नोरा फतेही को चेन्नई में एक कार्यक्रम में एक कार और एक आईफोन और बीएमडब्ल्यू गिफ्ट की थी। जिसके बाद ईडी ने नोरा से पूछताछ की लेकिन नोरा ने सभी आरोपों को झूठा करार दिया था। अब नोरा के मामले में गवाह बनने के बाद कई खुलासे होने की उम्मीद है। हाल ही में 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला सामने आया था। जिसके बाद इस मामले में आए दिन नए खुलासे हो रहे हैं। मुख्य अपराधी सुकेश चंद्रशेखर ने मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को नामजद किया था।



## महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कांग्रेस की तरह भाजपा भी गंभीर नहीं : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर महिलाओं को लेकर कांग्रेस की ही तरह गम्भीर नहीं होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 आरक्षण देने की मांग की। मायावती ने सिलसिलेवार किए गए ट्वीट में महिलाओं के सशक्तीकरण के मुद्दे पर भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही घेरा। उन्होंने कहा, ₹महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में कांग्रेस की तरह भाजपा भी गंभीर नहीं है।

लोकसभा और विधानसभाओं में उनके लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मामला वर्षों से लम्बित पड़ा होना इसका जीता-जागता प्रमाण है। यह आरक्षण जरूर लागू होना चाहिए।₹ उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ₹देश में लगभग आधी आबादी महिलाओं की है। मगर वे अब भी काफी अधिकारों से वंचित हैं। कांग्रेस और भाजपा की महिलाओं के सशक्तीकरण के प्रति लगभग एक जैसी ही धारणा है व इनका रवैया ज्यादातर दिखावटी ही होता है।₹ उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में सत्तारूढ़ रही बसपा के शासनकाल में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक आत्मनिर्भरता के लिए काफी प्रयास किए गए जिन्हें अब विरोधी पार्टियां भुना रहीं हैं।



### खबर संक्षेप

### गड्ढा खोद जमीन कर रहे कब्जा विरोध पर जान से मारने की धमकी, शिकायत

**घूरपुर।** क्षेत्र के नरैहवा गांव में दबंगों ने एक महिला की जमीन पर गड्ढा खोद कब्जा कर रहे है। महिला ने विरोध किया तो कई लोग लाठी डंडा लेकर घर पर चढ़ भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली जिससे डरी सहमी महिला थाने में पहुंच शिकायती पत्र देकर जान माल की गुहार लगाई है। घूरपुर के नरैहवा गांव निवासी अनीता पत्नी लाल बाबू का आरोप है कि पड़ोस के कुछ लोग उसके जमीन पर कब्जे की नियत से गड्ढा खोद रहे है। विरोध करने पर आधा दर्जन लोग अपने घर की महिलाओ के साथ लाठी डंडा लेकर घर पर चढ़ भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे डरी सहमी महिला थाने पहुंच शिकायती पत्र देकर जान माल की गुहार लगाते हुए अवैध कर रहे कब्जे को रुकवाने की मांग की है।

# अनियंत्रित पिकअप ने बाइक में मारी टक्कर पुत्र की मौत पिता घायल



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस व स्थनीय लोग



हादसे के बाद घर में कोहराम परिजनों का रो-रोकर बेसुध

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के भटौती कोनिया तिराहे पर अनियंत्रित पिकप गाड़ी ने पिता और पुत्र को टक्कर मार दिया टक्कर में पुत्र की मौत हो गई तथा पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरुण निषाद पुत्र सत्यनारायण निषाद निवासी भटौती अपने बेटे अंश (2) को लेकर कोनिया तिराहे पर सड़क पार कर रहा था। उसी दरम्यान मेजा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकप गाड़ी ने अरुण को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे अंश छिटक कर दूर जा गिरा जहां घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में बाजार में मौजूद लोगों ने घायल पिता को एंबुलेंस से हॉस्पिटल भिजवाया। सूचना पर पहुंचे डायल हंड्रेड के दरोगा असद खान ने वाहन सहित चालक को गिरफ्तार कर लिया। सूचना पर कोतवाल मेजा तुषार दत्त त्यागी मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर आरोपी चालक को थाने ले गए। वही बाजार वासियों की माने तो पिकअप चालक शराब के नशे में चूर था।

### अवैध खनन को लेकर सांसद के तेवर कड़े, डीएम को लिखा पत्र

**करछना।** क्षेत्र के बलापुर, घोंघापुर, नीबी, जमोली, चंपतपुर, सरंगापुर, चंदूपुर, बरामार आदि गांवों में किए जा रहे मिट्टी के अवैध खनन को लेकर सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाही के निर्देश दिए है।बीते दिनों जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पाण्डेय द्वारा मसिका में हो रहे अवैध खनन को लेकर विरोध किया गया था।पत्र के अनुसार डीएफसीसी द्वारा रेलवे के फ्रंट कारीडोर निर्माण हेतु एक कंपनी को कारीडोर में मिट्टी भराई का कार्य दिया ग?ा है।किन्तु अवैध तरीके से चाका ब्लाक के बसवार गांव में नदी के घाट और बांधों के पास उनका अस्तित्व समाप्त कर लगभग 40 फुट तक गहरा खनन कराया गया है।उधर मसिका में भी प्रस्तावित रिंग रोड़ हेतु सुरक्षित जमीन पर लगभग 20 फिट का खनन करा दिया गया है।मिशन द्वारा लिखे गये पत्र पर पहल करते हुए इस अवैध खनन को लेकर सांसद ने भी तेवर कड़े कर लिए हैं और तालाबों एवं नदी के घाटों पर हो रहे अवैध खनन को रोकने के साथ-साथ तालाबों के सौदरीकरण और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के लिए सांसद ने डीएम को पत्र लिखा है।

## न्यूज झरोखा

### सामाजिक कुरुतियों का अंत जरुरी : डा. अस्मिता सिंह



**जसरा।** समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरुतियों कों खत्म करने हेतु केंद्रीय इलाहाबाद विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डा. अस्मिता सिंह आज जसरा क्षेत्र के विभिन्न गावों मे चौपाल के माध्यम से सामाजिक कुरुतियों कों खत्म करने हेतु ग्रामीणों एवम विद्यार्थियों मे जागरूकता का प्रचार -प्रसार किया गया। इस अवसर पर डा अस्मिता सिंह यह भी बोलीं कि समाज मे व्याप्त अंधविश्वास, दहेज प्रथा,नशा इत्यादि सामाजिक बुराइयों का अंत जब तक नहीं हों जाता तब तक देश पूर्ण रूप से न ही आजाद हों पायेगा और न विकसित इसलिये सामाजिक बुराइयों कों खत्म करने की दिशा मे सार्थक प्रयास की आवश्यकता हैं। उक्त अवसर पर श्रीमती सिंह ने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोलीं कि आगामी एक जनवरी कों उनके द्वारा मांडा ब्लाक के श्रीमती इंद्रकली जूनियर हाईस्कूल मे संस्थान द्वारा तीन कमरों का अनुदान एवम विद्यालय के सम्मान मे एक होम सोलर भेंट किया जाना हैं। इसके साथ ही सौ से अधिक छात्र एवम छात्राओं कों कापी, पेन भेंट किया जाएगा।

### जीजीआईसी जसरा में मतदाता जागरूकता रैली एवम संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न



**जसरा।** मतदान का अधिकार देश के प्रत्येक 18वर्ष की उम्र के लोगों कों प्राप्त हैं। मतदान के माध्यम से ही प्रतिनिधि का चुनाव होता हैं जिससे सामाजिक समेत हर क्षेत्रों मे विकास संभव हों पाता हैं अतः हम सभी लोगों का नैतिक कर्तव्य हैं कि अपने आसपास के लोगों कों मतदान की ताकत कों समझाते हुए अधिक से अधिक लोगों कों पोलिंग बूथ पर लें जाने मे भी योगदान करें उक्त बातें राजकीय बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या श्रीमती सुकुंती सचान ने बुधवार कों मतदाता जागरूकता अभियान परिचर्चा के दौरान छात्राओं के सम्बोधन कहीं। इस दौरान शोधछात्र अभिषेक सिंह पटेल ने भी मतदान से जुड़ी अनेकों खूबियों कों साझा करते हुए छात्राओं कों बैंकिंग से संबंधित विभिन्न जानकारियां प्रदान किये।श्रीमती गीतांजलि, श्रीमती गीता पाण्डेय, श्रीमती रीना, श्रीमती ममता, श्रीमती सुनीता मालवीया, श्रीमती नीता त्रिपाठी जी, रेखा रानी, साफिया अल्वी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा शिल्पी केशरवानी एवम अध्यक्षता श्रीमती गीता पाण्डेय ने किया।

### मतदाता रैली व हस्ताक्षर अभियान चलाकर किया जागरूक




**करछना।** क्षेत्र के रामपुर स्थित बृज मंगल सिंह इंटर कॉलेज में बुधवार को मतदाताओं को जागरूक करने के संदर्भ में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र में सबसे बड़ा जनाधिकार है।अक्सर देखा जाता है कि तमाम शिक्षित लोग भी किसी न किसी कारण से अपना मत देने से वंचित रह जाते हैं। एक स्वस्थ सरकार और स्वच्छ छवि वाले प्रतिनिधि के चयन के लिए हम सब को अधिक से अधिक मतदान करने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों को इसके प्रति प्रेरित करते हुए अपने पास पड़ोस घर गांव में भी मतदान के लिए योग्य सभी युवाओं बुजुर्गों और महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान के प्रति जागरूक करने पर जोर दिया। एनसीसी अधिकारी रमेश तिवारी ने भी अधिक से अधिक मतदान के प्रति बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने इस मूल अधिकार का समय से प्रयोग करने और समाज के लोगों को जागरूक करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। इस मौके पर जितेंद्र कुमार,सुरेश कुमार,जगतपाल, मोहम्मद परवेज सिद्दीकी, विजय सिंह,विश्वेशओझा, कमला शंकर तिवारी,राजकुमार शर्मा,अशोक सिंह,सुनील प्रजापति समेत शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों के मध्य कंबल वितरण का आयोजन



**प्रतापपुर।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए समाजसेवी अशोक कुमार जायसवाल और युवा समाजसेवी सूर्या यादव ने बुधवार को कंधरपुर गाँव के मुसहर बस्ती में जरूरतमंदों सैकड़ो लोगो को कंबल वितरित किया गया।कंबल पाकर गरीबो के चेहरे खिल गए।इस अवसर युवा समाजसेवी सूर्या यादव ने कहा हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनुसार गरीबो की मदद करनी चाहिए।उन्होंने कहा जल्द ही चौराहे-तिराहे पर अलाव भी जलवाने का कार्य किया जाएगा।इस दौरान सत्या जायसवाल, धीरज शुक्ला, विजय यादव, राहुल यादव का सहयोग सराहनीय रहा।

# साहित्य समाज का दर्पण है जो बोलता भी है सजग भी करता है : रविनंदन सिंह

अखंड भारत संदेश




नागरिक पीजी कालेज में व्याख्यान कार्यक्रम में शामिल शिक्षक

**जंघई।** नागरिक महाविद्यालय जंघई में महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी, व्याख्यान एवं परिचर्चा श्रृंखला के क्रम में बुधवार को समाजशास्त्र विभाग एवं अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'साहित्य का सामाजिक सरोकार' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रतिष्ठित साहित्यकार एवं आलोचक रविनंदन सिंह ने साहित्य एवं समाज के सम्बन्धों की विवेचना ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य के साथ साथ वर्तमान परिदृश्य में की। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज का एक ऐसा दर्पण है जो मूक नहीं है, बल्कि बोलता भी है और सजग भी करता है। साहित्य समाज की गतिविधियों को प्रतिबिंबित करता है साथ ही साथ समाज का पथ प्रशस्त करने का भी कार्य करता है । अब साहित्य मूकदर्शक मात्र नहीं है ।श्री सिंह ने साहित्य को समाजोन्मुखी बनाने पर जोर दिया तथा पाश्चात्य साहित्य एवं भारतीय साहित्य के सामाजिक सरोकारों की विस्तृत विवेचना प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजीव मालवीय, निवर्तमान प्राचार्य एवं भूगोल के विभागाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, समाजशास्त्र के विभागध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय , प्राचीन इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ रमाकांत, हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ गंगेश दीक्षित, सँस्कृत के विभागाध्यक्ष डॉ पवन कुमार पांडेय, समाजशास्त्र विभाग के डॉ ओमप्रकाश मिश्र, डॉ संजय कुमार पाठक, डॉ चंद्रशेखर पांडेय, अम्बरीश शर्मा, राम प्रसाद यादव, सुनील कुमार कन्नौजिया, दुर्गेश यादव आदि प्राध्यापक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। व्याख्यान में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज करायी।

### नशीला पदार्थ पिला विवाहिता से किया दुष्कर्म, शिकायत

**घूरपुर।** क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने एक व्यक्ति के ऊपर नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए घूरपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के बसवार गांव की एक विवाहिता का आरोप है कि विगत 15 जून के दिन जब उसका पति घर पर नहीं था। इसी बीच गांव का एक व्यक्ति उसके घर पहुंचा जो घर आते जाते परिचित था। कोल्ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिला कर पिला दिया ।नशीला पदार्थ पीने के बाद जब विवाहिता बदहोस हो गई तो उक्त व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया होश आने पर जब उसे पता चला तो महिला के पैरों तले की जमीन खिसक गई । महिला ने आरोपी से इस कृत्य का विरोध किया तो वह किसी से बताने पर बदनाम करने की धमकी देते हुए भाग गया । इधर काफी दिनों से परेशान पीड़िता को मौका मिला तो वह सारी घटना अपने पति से बताया तो पति पीड़िता को लेकर थाने पहुंचा और उपरोक्त घटना की लिखित शिकायत की । शिकायती पत्र की जांच पुलिस कर रही है।



### उग्रसेनपुर में कैप्टन करन सिंह ने लगाया चौपाल मांगा लोगों से आशीर्वाद

**प्रतापपुर।** जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान बुधवार को उग्रसेनपुर में पूर्व प्रत्याशी अपना दल भाजपा गठबंधन कैप्टन करन सिंह ने लोगों से मुलाकात कर कुशल क्षेम जाना और प्रतापपुर विधानसभा विकास के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। साथ ही लोगों को भाजपा अपनादल एस सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो एवं उपलब्धियों को बताया। लोगों से अपील किया कि आप सभी लोग प्रतापपुर से अपनादल एस भाजपा गठबंधन के प्रत्याशी को अपना आशीर्वाद दें जिससे अपने विधानसभा प्रतापपुर का सर्वाधिक सर्वांगीण विकास हो सके मै आपका बेटा भाई अगर विधायक होता तो प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र आज आदर्श विधानसभा होता क्योंकि बाहरी विधायक क्षेत्र दर्द एवं विकास का नहीं समझेगा।इस अवसर पर बलऊ सिंह, लालजी पटेल, श्यामधर शर्मा, गुड्डू मिश्रा, राजमणि बिंद, लालजी सरोज, संजय सिंह, सतीश त्रिपाठी, मुन्ना सिंह, सर्वजीत सिंह अन्नू, विनय सिंह चंदेल, कुनाल चतुवेर्दी, अच्छे लाल पटेल, मयंक मिश्रा, रामाश्रय सिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।



### नीलगायों एवं आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसलें हो रही चौपट

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के किसानों द्वारा परिश्रम व लागत से तैयार आलू, सरसों, चना, मटर एवं गेहूँ की फसलों तथा सब्जियों को नीलगायों एवं आवारा पशुओं द्वारा रौदनें, तोड़ने व चबाने के कारण खेतिहर किसान हैरान व परेशान है किसानों की फसलें परिश्रम लागत इन आवारा जानवरों द्वारा चौपट कर दी जा रही है जिससे ग्रामीणों को रात दिन रखवाली करनी पड़ती है इसके बावजूद नीलगाय व खुले पशुओं के झुंड द्वारा फसलों को रौंद दिया जाता है जिससे किसान मायूस एवं दुखी होकर रात दिन अपने खेत की रखवाली कर रहे है।क्षेत्र के पिलखिनी, झारी, जंघई, भुलेन, चौका, पतवां, पतैंया, जलालपुर, नेदुला, रस्तीपुर, बजती, राचनपुर, बघेड़ी, सरजूपट्टी, चंपापुर, चनेथू, महरछा, हरिपुरपट्टी, अनुवां, भेलखा, वारी, बरियावां, सरायममरेज, मड़वा, सिरसा आदि गावों मे नीलगाय का आतंक किसानों के सिर चढ़कर बोल रहा है किसान अपनी लागत परिश्रम अपने आँखों के सामने बर्बाद होता देख दुखी लाचार एवं विवश है।

### छात्र का सिर फोड़ा, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के खरकौनी मोहल्ले में रहने वाले एक छात्र को दूसरे छात्र ने विवाद के चलते ईंट से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे वह घायल हो गया। भुक्तभोगी ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नैनी कोतवाली मैं तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। घूरपुर थाना क्षेत्र के बलापुर गांव के रहने वाले प्रदीप कुमार नैनी कोतवाली क्षेत्र के खरकौनी में कमरा किराए पर लेकर पढ़ाई करते हैं। मंगलवार शाम को उसके दूसरे कमरे में रहने वाले अन्य छात्र से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि भुक्तभोगी को उक्त छात्र ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उससे अभद्रता करने लगा। जिस पर उसने विरोध किया तो आरोपी ने ईंट उठाकर उसके सिर पर वार कर दिया। जिससे उसका सिर फट गया और वह घायल हो गया। भुक्तभोगी छात्र ने कोतवाली पुलिस को आरोपी छात्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी, लेकिन पुलिस दो दिन बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। बुधवार को एक बार फिर वह नैनी कोतवाली पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए संबंधित पुलिसकर्मियों से गुहार लगाया।

# निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश



निशुल्क दंत शिविर में चिकितसक से परामर्श लेते

**जारी।** जारी क्षेत्र में दिन बुधवार को वर्मा डेण्टल क्लीनिक द्वारा जारी बाजार (बैंक ऑफ बड़ौदा) के सामने निःशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार मिश्र (खण्ड विकास अधिकारी) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। शिविर की जानकारी देते हुए शिविर आयोजक डॉ सुबेन्द्र कुमार वर्मा (बी.डी एस.) द्वारा बताया गया कि ये शिविर क्षेत्र की जनता को दांत सबंधित समस्त रोगों के कारण व निवारण के बारे में जागरुक करने के उद्देश्य से किया गया है। शिविर में कोविड प्रोटोकॉल का ध्यान रखते हुए शहर के जाने माने अन्य दन्त चिकित्सक डॉ सुधांशु रॉय, डॉ वी.बी तिवारी डेण्टल सर्जन,डॉ , डॉ अनिल कुमार वर्मा डेण्टल सर्जन, डॉ आशी वर्मा डेण्टल सर्जन , डॉ पद्माकर पांडेय के सहयोग से जारी बाजार क्षेत्र के आस पास के कई गाँवों के सैंकड़ों मरीजों के दाँतों की निःशुल्क जाँच करके सही सही जानकारी चिकित्सकों द्वारा दी गई। शिविर में चिकित्सकों ने दाँतो की सुरक्षा तथा देखभाल से सम्बंधित आवश्यक जानकारी मरीजों के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों को दी गई। डॉ सुबेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि दाँत शरीर का आवश्यक अंग होने के साथ साथ चेहरे की सुन्दरता भी बढ़ाता है इसलिए दाँत सम्बन्धी रोगों में बिल्कुल लापरवाही नही करना चाहिए। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि आज के समय में दाँतों की समस्या सामान्य हो गई है।दाँतों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के तम्बाकू का सेवन नही करना चाहिए। शिविर में दाँतों की अन्य गम्भीर रोगों जैसे पायरिया,कैविटी,मसूढ़ो में सूजन आदि के विषय में विधिवत जानकारी अन्य दन्त चिकित्सकों द्वारा दी गई। शिविर में क्षेत्र की जनता के अतरिक्त डॉ दिवाकर दूबे, पवन मिश्र,गोविंद शरण सिंह, धनंजय सिंह,बलराम मिश्र, जंगबहादुर सिंह , विनोद शुक्ला, विहारी लाल जायसवाल, इंद्रभान सिंह,राजा तिवारी , बाँके लाल जायसवाल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# क्रय केंद्र प्रभारी की मनमानी से किसान परेशान

अखंड भारत संदेश

### बड़ोखर साधन सहकारी समिति पीसीएफ क्रय क्रेन्द्र पर किसान संगठनों में भारी आक्रोश



**कोरांव।** कोरांव तहसील के बड़ोखर साधन सहकारी समिति पीसीएफ क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी द्वारा व्यापक पैमाने पर गड़बडी के साथ किसानो से दुर्व्यवहार भी किया जा रहा है।

क्षेत्रीय किसानों द्वारा विपणन अधिकारी को भेजे गये शिकायती पत्र के अनुसार किसानों की धान का सैंपल किसानों के सामने नहीं चेक किया जाता, किसान जब क्रय केंद्र पर धान लेकर आते हैं तो किसानों से ?100 कुंटल से ?200 कुंटल पैसा लिया जाता है अगर कोई किसान इसका विरोध करता है तो उसकी धान मानक के अनुरूप नही है कह दिया जाता है। इसलिए किसान पैसा देकर धान तौलवाने को मजबूर हो जाता है। अक्सर यहां धान की तौल रात के समय में होती है, जो किसान पैसा नहीं देता है उसकी धान नहीं ली जाती है और उसको डांट कर केंद्र से भगा दिया जाता है। बड़ोखर क्रय केंद्र पर 19 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक धान नहीं तौली गई है। किसानों ने यह भी बताया कि यहां का सारा काम अक्सर रात के समय में ही होता है, यहां फीडिंग भी रात में ही होती है। किसानों का यह भी आरोप है कि साधन सहकारी समिति बड़ोखर के केन्द्र प्रभारी इसी गांव के रहने वाले हैं इसीलिए किसानों से बदतमीजी से पेश आते हैं। किसानों ने जिला अधिकारी प्रयागराज एवं जिला प्रबंधक पीसीएफ प्रयागराज तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रयागराज का एवं उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान उत्कृष्ट कराते हुए यहां के केंद्र प्रभारी को तत्कालीन हटाने की माँग की है ताकि किसानों को धान की सही कीमत मिल सके व धान की तौल हो सके।

### सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर में व्यापारियों संघ बैठक संपन्न

**लेडियारी।** नवागंतुक थानाध्यक्ष बैकुंठनाथ पांडे द्वारा थाना परिसर में आज थाना क्षेत्र के बड़े व्यापारियों के साथ अहम बैठक आहूत की गई'जिसमें क्षेत्र के कपड़ा व्यापारी, ज्वेलरी शॉप, मेडिकल स्टोर,सहज जन सेवा केंद्र एवं अन्य दुकानदार उपस्थित रहे' सर्वप्रथम बाजारों में हो रही दिक्कतों को लेकर व्यापारियों से बातचीत की गई तत्पश्चात थानाध्यक्ष द्वारा संबंधित ग्राम प्रधानों से कहा गया की वह सभी लोग जल्द से जल्द मुख्य बाजारों में एवं भीड़भाड़ वाले जगहों पर विद्युत पोल पर लाइट की व्यवस्था करें जिससे सायं के समय बाजारों में रोशनी हो सके' जिससे बाजार में आए हुए ग्राहकों को एवं आने जाने वाले राहगीरों को किसी भी प्रकार का दिक्कत का सामना ना करना पड़े' जिन्होंने अभी तक वैक्सीनेशन नहीं कराया है वह लोग तत्काल वैक्सीनेशन करा लें जोकि पूर्णतया निशुल्क है' जिससे महामारी से बचने में सुविधा प्राप्त होगी' उक्त मौके पर राजेश कुमार, रतन कुमार, मुन्ना सिंह, संतोष केसरी, शिव बाबू, गुड्डू केसरी, पारस केसरी, संतोष कोटार्य, बबलू अहमद,मनीष केसरी, मथुरा केसरी, रमेश द्विवेदी,गुलाब केसरी,अरुण प्रसाद,चंद्रमा केसरी आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# पार्टी द्वारा दिए जिम्मेदारी का करुंगा बखूबी निर्वहन : प्रमोद पयासी

अखंड भारत संदेश

### सपा का राष्ट्रीय सचिव बनाये जाने पर सपाइयों में हर्ष



**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के अनुमति से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र सभा नेहा यादव के द्वारा विधानसभा कोरांव अंतर्गत बढ़वारी ग्राम सभा निवासी प्रमोद मिश्र पयासी को राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर व्याप्त है जैसे ही यह खबर क्षेत्र में पहुंची सपा कार्यकताओं और क्षेत्रीय जनों द्वारा सपा नेता को बधाई देने का सिलसिला निकल पड़ा इस मौके पर नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि जिस तरह से शीर्ष नेतृत्व ने साधारण परिवार से आने वाले एक किसान के बच्चे को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का कार्य किया है इसका मैं आभारी हूं और इससे यह साबित होता है कि समाजवादी पार्टी में संघर्ष करने वाले को एक न एक दिन सम्मान जरूर मिलता है और पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी दिया गया है उसका बखूबी निर्वहन करते हुए 2022 मैं अखिलेश यादव की सरकार बनाने में जी जान से मेहनत करेंगे और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने के लिए जो भी जतन करना पड़ेगा उससे पीछे नहीं हटेंगे। समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष मेहताब खान ने कहा कि जिस तरह से विधानसभा कोरांव से पहली बार किसी कार्यकर्ता को राष्ट्रीय कमेटी में स्थान मिला है यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और निश्चित ही प्रमोद मिश्र पयासी को पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है इससे संगठन को मजबूती मिलेगी और ब्राह्मण समाज का एक बड़ा तबका समाजवादी पार्टी से जुड़ने का कार्य करेगा और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से राजेश पांडे जिला सचिव सोमदत्त सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य ओम सहाय लालजी पाल निराला रामकृपाल कोल पूर्व विधायक रामदेव निडर दीपांशु कोल सुमन कोल सहादत अली प्रदेश सचिव सफात अली नौशाद अंसारी मनोज सोनी रामानुज यादव मंगला कोल रविंद्र जैसल आलोक शुक्ला विपुल दुबे आदि लोगो ने बधाई दिया।

# फर्जी मसौदा दिखाकर भुगतान मांगने पर कार्यदायी संस्था पर 11 लाख का हर्जाना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फर्जी मसौदा कोर्ट में पेश कर मध्यस्थ की नियुक्ति की मांग करना कार्यदायी संस्था को भारी पड़ गया। कार्यदायी संस्था के फजीर्वाड़े की हकीकत सामने आने पर कोर्ट ने संस्था पर 11 लाख रुपये का हजार्ना लगाया है। यह हजार्ना याची को एक महीने के भीतर कार्यदायी संस्था को देना होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार की एकल खंडपीठ ने मनीष इंजीनियरिंग इंटरप्राइजेज की याचिका पर सुनवाई कर दिया है। मामले में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) को प्रतिवादी बनाया गया है।

याची कार्यदायी संस्था का आरोप है कि उसने संविदा के आधार पर प्रतिवादी कंपनी में काम कराया, लेकिन कंपनी द्वारा कराए गए कार्य का भुगतान नहीं किया गया। कंपनी ने मामले के निपटारे के लिए मध्यस्थ की नियुक्ति की मांग की थी। लेकिन, प्रतिवादी कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील गुप्ता और सुष्मिता मुखर्जी ने तर्क दिया कि कार्यदायी संस्था की ओर से मसौदे का जो पत्र प्रस्तुत किया गया है वह जाली व फर्जी है।



क्योंकि, कंपनी और कार्यदायी संस्था की ओर से ऐसा कोई मसौदा तय नहीं हुआ था और प्रतिवादी केपास ऐसा कोई मसौदा मौजूद नहीं है।तर्क दिया गया याची संस्था वर्ष 1985 में काम करने की बात कह रही है, जबकि हकीकत में ऐसा कोई काम कराया ही नहीं गया। कार्यदायी संस्था ने वर्ष 2004 में दावा किया है, जो कि आवेदन की समय सीमा से बाहर है। कोर्ट ने भी पाया कि कार्यदायी संस्था द्वारा किए जा रहे दावे का कोई ठोस आधार नहीं है। कोर्ट ने इसे मध्यस्थता माफिया की श्रेणी में माना। कहा कि कार्यदायी संस्था पहले भी ऐसा कई मामलों में कर चुकी है। कोर्ट ने याची के दावे को डेडवुड (बेकार), प्रथमदृष्टया गुणहीन, तुच्छ और बेइमानी युक्त बताया। कहा कि याचिका मध्यस्थता अधिनियम की धारा 11 के तहत पोषणीय नहीं है। कार्यदायी संस्था इस फजीर्वाड़े के लिए प्रतिवादी इफको को 11 लाख रुपये हजार्ने का भुगतान एक महीने के भीतर करे।

### नारायण त्यागी उर्फ वसीम रिजवी से हाईकोर्ट ने मांगा जवाब : मोहम्मद साहब पर टिप्पणी पर जवाब-तलब; यूपी सरकार से भी मांगी जानकारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। उन पर पैगंबर मोहम्मद के बारे में गलत तरीके से बोलने का आरोप है। साथ ही टीवी और अन्य सोशल मीडिया से बोल कर वैमनस्यता फैलाने का भी आरोप है।चीफ जस्टिस राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने जनहित याचिका पर प्रदेश सरकार से आवश्यक जानकारी देने को कहा है। हाईकोर्ट अब इस मामले में अगले साल 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। यह याचिका मोहम्मद यूसुफ उमर अंसारी ने दाखिल की है। वह मुंबई स्थित संस्था ख्वाजा गरीब नवाज वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव हैं। अंसारी ने कहा कि वसीम रिजवी के खिलाफ 27 मुकदमे दर्ज हैं। इनसे बचने के लिए उन्होंने धर्म परिवर्तन किया है। वसीम रिजवी ने 6 दिसंबर को इस्लाम धर्म छोड़कर हिंदू धर्म कबूल कर लिया था। धर्म बदलने के बाद उनका नाम जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी हो गया है। उन्होंने गाजियाबाद के डासना देवी मंदिर में यति नरसिंहानंद गिरी की मौजूदगी में सनातन धर्म ग्रहण किया था। धर्म परिवर्तन करने के बाद उन्होंने कहा था कि उन्हें इस्लाम से निकाल दिया गया है।वसीम रिजवी को 2004 में शिया धर्मगुरु मौलाना कल्बे जव्वाद की सिफारिश पर यूपी शिया वक्फ बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया था। हालांकि, बाद में हालात ऐसे बदले कि खुद मौलाना कल्बे जव्वाद को रिजवी का विरोध करना पड़ा। उनकी ही मांग पर शिया वक्फ बोर्ड में भ्रष्टाचार को लेकर 2017 में सीबीआई जांच शुरू हुई।

## खबर संक्षेप

### दो युवकों पर लगे गंभीर आरोप

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली दो किशोरियों के परिजनों नैनी कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दो दिन पूर्व दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन पूछताछ के दौरान संतुष्ट ना होने पर पुलिस उन्हें छोड़ दिया। बुधवार को उक्त दोनों किशोरियों के परिजन नैनी कोतवाली में पहुंचे एक बार फिर उक्त दोनों युवकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए गुहार लगाई।

### साइबर सेल ने लौटाए ठगी के 1.87 लाख रुपये

**प्रयागराज।** साइबर ठगी के शिकार हुए जिले के 5 लोगों के एक लाख 87 हजार रुपये साइबर सेल की सक्रियता से वापस मिल गए। पुलिस ने बताया कि धूमनगंज के जंग बहादुर सिंह को साइबर ठगों ने ओटीपी पूछ कर 70000 की चपत लगाई थी। पुलिस ने उनके पूरे रुपए बचा लिए। इसी तरह नैनी के विजय बहादुर सिंह को एनीडेस्क मोबाइल ऐप डाउनलोड करा कर ठगों ने 40000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया था जिसमें 30000 रुपये पुलिस ने बचा लिया। करछना के राजकरण का एनी डेस्क मोबाइल ऐप डाउनलोड कर 47 हजार रुपया गंवा चुके थे जिसमें से पुलिस ने 20 हजार बचा लिया। झूंसी की रिया सिंह का 15 हजार और शंकरगढ़ के रघुनाथ के भी 15 हजार रुपये बचाये हैं।

# अपनी मांगों को लेकर एसबीएम के कर्मचारियों ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सौंपा ज्ञापन




अखंड भारत संदेस

**प्रयागराज।** सात वर्षो से अल्प मानदेय में कार्य कर रहे पंचायतीराज विभाग के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कर्मचारियों ने बुधवार को विकास भवन में धरना प्रदर्शन कर जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। जिला सलाहकार बलबीर यादव के नेतृत्व में जुटे कर्मचारियों ने शासन से एचआर पालिसी बनाने, कर्मचारी नियमावली बनाने के साथ ही आकस्मिक दुर्घटना में परिजनों के लिए आर्थिक मदद देने की मांग की। सरकार की उपेक्षा से नाराज कर्मचारियों ने बताया कि सरकार द्वारा पिछले सात वर्षों में उनके मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की है नतीजतन इस बढ़ती मंहगाई में परिवार का भरण-पोष्3ाण करना कठिन हो रहा है। अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए मंडल सलाहकार अरुण कान्त बरनवाल ने कहा कि सरकार अन्य विभाग के कर्मचारियों का मानदेय तो बढ़ा रही है परन्तु हमारे साथ सौतेला व्यवहार कर रही है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अपनी जायज मांगों को लेकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के कर्मचारी दो दिन कलमबंद हड़ताल पर रहेंगे। अगर शासन द्वारा हमारे हित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता है तो हम आगे की रणनीति बनाएंगे। मौके पर सैयद अबुल हसन, लेखाकार आशीष त्रिपाठी, जिला कंप्यूटर ऑपरेटर विवेक यादव एवं विकास खण्ड स्तर पर कार्यरत खण्ड प्रेरक अतुल मिश्र,दुष्यंत सिंह एवं कम्प्यूटर आपरेटर गौरव मिश्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### एटीएम कार्ड बदल पैसे उड़ाने वाला शातिर धराया



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के मामा भांजा तालाब बाजार के समीप बुधवार को तीन शातिर एक एटीएम मशीन पर पहुंचे और एटीएम कार्ड के फ्रॉड करने में जुट गए। वहां मौजूद लोगों को उन शातिरों पर शक होने उन्हें पकड़ लिया और पूछताछ करने लगे। इसी दौरान दो शातिर लोगों को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पीआरबी 0098 पहुंची और पकड़े गए शातिर को हिरासत में लेकर नैनी कोतवाली पुलिस को सौंप दिए। पुलिस पकड़े गए शातिर से पूछताछ करने में जुटी हुई है। साथ ही फरार होने वाले दोनों शातिरों की तलाश में भी लगी है। बता दें कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थापित एटीएम से पैसे की निकासी करने जाने वाले भोले भाले लोगों को अपने जाल में फांस कर शातिर उनके एटीएम कार्ड को बदलकर बचत खाते से हजारों रुपए उड़ा देते हैं। बीते कुछ महीनों के अंदर ही तकरीबन तीन दर्जन से अधिक वारदात को अंजाम दिया जा चुका है, लेकिन नैनी कोतवाली पुलिस जांच का हवाला देकर रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है। भुक्तभोगी शहर स्थित साइबर सेल में जाकर तहरीर देते हैं, तब कहीं जाकर आला अफसरों के निर्देश पर उनकी रिपोर्ट नैनी कोतवाली पुलिस दर्ज करती है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने में जुटी रही।

### वांछित अभियुक्त तमंचे के साथ पुलिस गिरफ्त में



**करछना।** पुलिस ने वांछित अपराधियों के गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी करछना के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष करछना टिकाराम वर्मा के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक विनीत कुमार यादव व उनकी पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा मिली सूचना पर दबिश देकर अभियुक्त विमल चंद्र पटेल पुत्र आजायब लाल पटेल उम्र करीब 45 वर्ष जो की 483/21 धारा 147/148/ 323 /504/506/ 307/ भादवि व 3(2)5 एसटीएससी एक्ट संबंधित मुकदमे का वांछित था । बुधवार को करछना पुलिस ने गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 312 बोर व एक अदद कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।

### गैस सिलेंडर से लगी आग से गृहस्थी जलकर राख



**करछना।** थाना क्षेत्र के डीहा ग्राम पंचायत डीहा के मजरा चुप्पे पुर में बुधवार शाम को रामानंद हरिजन के घर पर गैस सिलेंडर के चूल्हे पर महिलाएं खाना पका रही थी कि उसी बीच गैस चूल्हा से गैस रिसाव के चलते आग लग गई, देखते-देखते आग पूरे घर को चपेट में ले लिया, आसपास के लोगों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया, तबतक गृहस्थी का लाखों रुपए का सामान जल कर राख हो गया ।गनीमत यही रही है कि आग से किसी को जान मान का खतरा नहीं हुआ ।आग की सूचना पाकर गांव के प्रधान प्रतिनिधि दूध नाथ यादव ने पहुंच कर पीडित को आर्थिक सहायता की।

# धूमधाम से मनाया गया रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव



रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि एवं विद्यालय का प्रबंध त्रंत्र

अखंड भारत संदेश

### रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल में खिलखिला रहा बचपन : राघवेंद्र सिंह

**बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़चढ़कर लिया हिस्सा, मचाया धूम, साथ ही एचएएल के रीजनल मैनेजर ने बढ़ाया बच्चों का हौसला**

**शंकरगढ़।** रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह बुधवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। नृत्य, गीत और संगीत से सजे सालना जलसे में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए लोगों को खूब गुदगुदाया। समारोह के चीफ गेस्ट एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड के रीजनल जनरल मैनेजर) राघवेंद्र सिंह ने बच्चों की खूब तारीफ की। कहा कि वह भी ग्रामीण परिवेष से जुड़े हैं। उनका भी बचपन इसी तरह के विद्यालय में बीता।

कहा कि यहां के बच्चों की प्रतिभा, सीखने-पढ़ने की ललक काबिले तारीफ है। बच्चों ने जिस तरह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है, उससे स्पष्ट है कि नन्हे-मुन्नो का बचपन सही दिशा में प्रगति कर रहा है। इसके पूर्व समारोह का आगाज बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से किया। इसके पश्चात मंच बच्चों के हवाले कर दिया गया। नृत्य, गीत और संगीत से सजे वार्षिकोत्सव में गायन, नृत्य, समूह नृत्य, एकांकी, कविता, नाटक के जरिए बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। अंत में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

विद्यालय के संरक्षक राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने भी बच्चों की तारीफ की। कहा कि यह विद्यालय उनकी बेटी अपर्णा की प्रेरणा से फलफूल रहा है। रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक व राजा कमलाकर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अनयप्रताप सिंह ने कहा कि विश्वास और भरोसे के बल पर आज राजा कमलाकर इंटर कालेज, राजा कमलाकर डिग्री कालेज और रानी देव्यानी पब्लिक स्कूल संचालन कर पा रहा हूँ।अभिभावकों की ताकत ही उनके विश्वास को और मजबूत करती है। इसमें राजा महेंद्रप्रताप सिंह का भी अहम योगदान है। कहा कि यहां के बच्चों में टैलेंट बहुत है, इस स्कूल को नया आयाम देना है, ताकि बच्चे और आगे बढ़ सकें। अनय प्रताप सिंह ने विद्यालय की हेड शीतल सिंह और विनीता श्रीवास्तव की सराहना की। प्राइमरी सेक्शन की हेड विनीता श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल में कंप्यूटर रूम, प्ले ग्राउंड के साथ समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, इससे अभिभावकों में विश्वास बढ़ा है। इसका श्रेय प्रबंधक अनय प्रताप सिंह को दिया। अध्यक्षता राजा महेंद्र प्रताप सिंह और संचालन रुचि शुक्ला ने किया। इस मौकेपर सुनीता सिंह, नारसिंह सोलंकी कामदार साहब, युवराज शिवेंद्र प्रताप सिंह, गोपालदास गुप्ता, सूर्यनिधान पांडेय, गोरेलाल सिंह, गुलाब सिंह, राम सिंह, रामबोध खरवार, ओपी धारिया, सीपी सिंह, हेमलता केसरवानी, अखिलेश सिंह, नीलम सिंह, साक्षी सिंह आदि मौजूद रहीं।

# नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**प्रभात फेरी व योगाभ्यास कार्यक्रम का रहा हिस्सा**



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व नेहरू युवा केंद्र की डीपीओ

**प्रयागराज।** नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नदी उत्सव कार्यक्रम के तहत नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पहला कार्यक्रम योगाभ्यास एवं प्रभात फेरी का आर डी कान्वेंट डिग्री कॉलेज , नवाबगंज आयोजित किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक द्वारा सभी युवाओं को ध्यान, योग क्रिया के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग रहने की शिक्षा दी गई। इसी कड़ी में दूसरा कार्यक्रम श्रृंगवेरपुर धाम, में सांस्कृतिक कार्यक्रम, आरती एवं दीपोत्सव आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में बीके दिवेदी बायोवेद के निदेशक, बलवंत सिंह वन क्षेत्र अधिकारी , प्रवक्ता ,डॉ अनूप ,अविनाश कुमार, विनय कुमार सह अध्यापक, सुरेंद्र कुमार, जिला संयोजक, नेहरू युवा केंद्र की जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह उपस्थित रही। सभी अतिथि गाने नदी उत्सव पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक जादू संगीत के माध्यम से मनोरंजक तरीके से लोगों को नदियों के संरक्षण एवं पर्यावरण पर जागरूक किया गया। इसके पश्चात पौधारोपण, गंगा घाट पर भव्य दीपोत्सव, गंगा आरती आयोजित की गई। ?कार्यक्रम में स्वयंसेवक कुलदीप हिमांशु त्रिपाठी ,आरती सरोज, अमित द्विवेदी, अमन, सूरज शुक्ला महामंत्री अरविंद पुष्पाकर का आयोजन में अहम योगदान रहा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–12–2021 से दिनांक 27–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 29–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 29–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से विश्वनाथ के खेत तक पक्की नाली कार्य | 8.00 लाख | 3 माह |
| 2. | मुकुन्द लाल के घर से शोभालाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |

कुसुम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

प्रीती शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत डीहा वि. ख. करछना, प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत डीहा विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 12–12–2021 से दिनांक 27–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत डीहा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 04–01–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 04–01–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नारायण पाण्डेय के घर से श्याम नारायण पाण्डेय के घर तक खडंजा निर्माण कार्य | 2.50 लाख | 2 माह |
| 2. | बरम बाबा धार्मिक स्थल सार्वजनिक शौचालय निर्माण | 3.00 लाख | 2 माह |
| 3. | नटराज निषाद के घर से राधेश्याम निषाद के घर तक नाली एवं खडंजा निर्माण | 4.00 लाख | 2 माह |

पत्रांकः मेमो/ग्रा. प. वि. अ./ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक

प्रेम चन्द्र
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

शिवओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत डीहा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज।

## कार्यालय ग्राम पंचायत मलाकनागर वि. ख. मूरतगंज, कौशाम्बी

### अति अल्पकालीन कोटेशन/ निविदा

ग्राम पंचायत मलाकनागर विकास खण्ड मूरतगंज में अति अल्पकालीन निविदा सूचना मनरेगा योजना के अन्तर्गत कार्य संगम लाल के घर से गुलाब के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य में से जिसकी प्राक्कलित धनराशि 3.83 लाख में से सामग्री 3.12 लाख रूपये की श्रमिक 0.49 लाख रूपये सामग्री आपूर्ति हेतु डी0 आर0 डी0 ए0 कौशाम्बी में मनरेगा वेबसाइट पर पंजीकृत इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं फर्म का टिन नंम्बर/जी.एस.टी. नम्बर फीड कराना होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर दिनांक 23–12–2021 से दिनांक 27–12–2021 तक निर्धारित शुल्क 100 रूपया ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर आवश्यक प्रपत्र के साथ जमा किये जा सकते हैं। निविदा दिनांक 28.12.2021 को ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान/सचिव की उपस्थिति मे निविदा फर्म खोले जायेंगे। निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत समिति के पास सुरक्षित होगा।

कार्य का नाम :– संगम लाल के घर से गुलाब के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।

समाग्री की मात्रा निम्नानुसार है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | ईट गिट्टी 150mm | 4358 संख्या |
| 2. | पोर्टलैण्ड सीमेन्ट | 3.24 टन |
| 3. | ईट मिट्टी 40mm | 21.55 घन मीटर |
| 4. | इण्टरलाकिंग ईट 80mm | 287.37 वर्ग मीटर |
| 5. | सण्ड जोन जमुना | 18.67 घन मीटर |
| 6. | महीन बालू | 0.73 घन मीटर |
| 7. | मोटी बालू | 13.38 घन मीटर |
| 8. | सण्डराइस | 404.61 L.S. |

त्रिलोकी नाथ पटेल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मलाकनागर
वि0 ख0 मूरतगंज, कौशाम्बी

लालता प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मलाकनागर
वि0 ख0 मूरतगंज, कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/मनरेगा/अतिअल्पकालीन/सामग्री 2020–21/ दिनांक

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा हेतु 24 तक करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया है कि राष्ट्रीय प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा 2021-22 16 जनवरी 2022 (जनवरी माह का तृतीय रविवार) को आयोजित होगी। उन्होने समस्त माध्यमिक/उच्चतर मा0 विद्यालयों के छात्र/छात्राओं से कहा है कि राष्ट्रीय प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय परीक्षा 2021-22 हेतु आनलाइन आवेदन 24 दिसम्बर तक किया जायेगा। आनलाइन आवेदन करने तथा परीक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# भाजपा की जन विश्वास यात्रा जिले में करेगी 26 दिसम्बर को प्रवेश

### 27 दिसम्बर को बेल्हा आ सकते हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री



प्रेसवार्ता में बोलते यात्रा प्रमुख राघवेन्द्र व जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश में छह यात्राएं निकाली जा रही हैं जिसमें से छठीं छात्रा गाजीपुर से निकलकर प्रयागराज, कौशाम्बी होते हुए प्रतापगढ़ की सीमा में 26 दिसम्बर को कुण्डा, बाबागंज होते हुए रामपुर खास में प्रवेश करेगी। रात्रि विश्राम अवधेश विद्या निकेतन लालगंज में होगा। इसके बाद 27 दिसम्बर को प्रातः दस बजे यात्रा रामपुर खास से निकलेगी, जो विश्नाथगंज, सदर विधान सभा में आएगी। रामपुर खास या सदर विधान सभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ सकते हैं। उनके आगमन का कार्यक्रम आ गया है लेकिन स्थान का चयन अभी नहीं हुआ है।

यह जानकारी आज भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जन विश्वास यात्रा के जिला प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने संयुक्त प्रेसवार्ता में दी। यात्रा प्रमुख राघवेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जन विश्वास यात्रा 26 दिसम्बर को दोपहर लेहदरी के पुल कुण्डा पहुचेगी जो कुण्डा बाबागंज रामपुर खास विधानसभा में घूम कर उस दिन अवधेश विद्या निकेतन में विश्राम करेगी और पुनः सुबह 10 बजे से विश्वनाथगंज, प्रतापागढ़ पट्टी और रानीगंज विधान सभा में घूमकर भदेही को प्रस्थान करेगी इस यात्रा में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय मंत्री, सासंद कौशाम्बी विनोद सोनकर, प्रदेश कबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य एवं बृजेश पाठक प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि काशी क्षेत्र की जनविश्वास यात्रा का शुभारम्भ 19 दिसम्बर को गाजीपुर में भारत सरकार की केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने किया। यह यात्रा क्षेत्र के सभी 71 विधानसभाओ से हो कर गुजरेगी। प्रतापगढ़ में यात्रा 26 व 27 दिसम्बर को रहेगी। पूरी यात्रा के दौरान विभिन्न जगहों पर स्वागत और सभा का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 2017 में हम प्रधानमंत्री की तीन साल की उपलब्धियों पर चुनाव मैदान में उतरे थे, उस समय परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। आज प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी की संयुक्त उपलब्धियों के आधार पर 2022 में हम चुनाव मैदान में उतरेंगे। इसके लिये जन जागरण के लिये पूरे प्रदेश में छह यात्राएं निकाली जा रही हैं। विन्ध्येश्वरी प्रसाद उर्फ पिन्टू तिवारी सहयात्रा प्रमुख ने कहा कि जिले में कोविड-19 के दौरान अनाथ हुये बच्चों के आश्रितों को उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अन्तर्गत 102 बच्चों/बच्चियों को लाभान्वित किया गया।

## रंजिश में युवक को आरोपियों ने की पिटाई

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** जमीनी रंजिश में पड़ोसियों ने एक युवक को जमकर मारा पीटा, मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नादी गांव के रहने वाला कालूराम वर्मा का आरोप है कि बीते 17 दिसम्बर को सुबह नौ बजे जब वह अपने घर की सफाई कर रहा था, पड़ोसीगण एक राय होकर लाठी डंडा लेकर उसके दरवाजे पर आ गए और मां बहन की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपी उसे दौड़ा लिए पीड़ित जब घर में भागा तो आरोपीगढ़ घर में घुसकर उसे मारा पीटा घर का सामान तोड़ दिया गाली गलौज किया। पीड़ित की तहरीर पर पट्टी कोतवाली पुलिस ने आरोपियों पर बलवा मारपीट गाली-गलौज सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

## पुरानी रंजिश में आरोपियों ने महिला को पीटा, फायरिंग का आरोप

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला को पड़ोसियों ने गाली गलौज करते हुए उसे जमकर मारा पीटा घर का सामान भी तोड़ दिया। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने फायरिंग भी किया पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दुकरा गांव की रहने वाली सुशीला पत्नी सुरेंद्र सिंह का आरोप है कि मंगलवार की रात आठ बजे पुरानी रंजिश के चलते गांव के आधा दर्जन लोग एक राय होकर उसे मां बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे महिला के विरोध करने पर उपरोक्त लोगों से दौड़ा लिए। वह घर में भागी तो घर में घुसकर उसे मारा-पीटा घर पर सामान तोड़ फोड़ दिया। जान से मारने की धमकी दी तथा अवैध तमंचे से फायरिंग करके दहशत फैला दिए। पीड़ित ने इस संबंध में आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## घर के सामने से बाइक चोरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी मेला ग्राउंड में रहने वाले चंद्रभान यादव ने पुलिस को लिखित प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि बीती रात उनकी स्प्लेंडर बाइक घर के बाहर खड़ी थी और जब दूसरे दिन सुबह घर के बाहर निकले देखा तो उनकी बाइक गायब थी मामले की शिकायत लेकर वह पट्टी कोतवाली आए और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** अक्टूबर माह से वांछित चल रहे एक वांछित को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। वह दो महीने से वांछित चल रहा था। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के दशरथपुर गांव का रहने वाला सर्वेश पाल पुत्र पन्नालाल पाल बीते 10 अक्टूबर को मोटरसाइकिल चोरी के मामले में एक बाइक उसके पास से बरामद हुई थी तभी से वह घर से फरार चल रहा था। बुधवार को यसआई राधेश्याम को सूचना मिली कि बीबीपुर नहर पुलिया के पास वाह खड़ा है। वह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे और उसे दबोच लिया। पुलिस ने उससे पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## रंजिशन मारपीट को लेकर क्रास केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट को लेकर दो आरोपियो के खिलाफ क्रास केस दर्ज किया है। कोतवाली के पसिया की बाग कोडरा मांदूपुर निवासी रमेशचंद्र की पत्नी आरती वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बीस दिसंबर को सुबह आठ बजे दातून फेंकने के विवाद मे पडोसियो ने उसे मारापीटा। गांव के शिवमूरत के पुत्र इंद्रपाल तथा चंद्रपाल की पत्नी अमृता देवी ने पीड़िता व उसके परिवार के सदस्यों को गाली देते हुए लाठी डंडे से मारापीट कर चुटहिल कर दिया। विरोध करने पर आरोपी गाली देते चले गये।

# महिला वर्ग में पीबीपीजी कालेज व पुरुष वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर विजेता

### एमडीपीजी कालेज में हुआ कबड्डी टीम के चयन के लिये ट्रायलएमडीपीजी कालेज में हुआ कबड्डी टीम के चयन के लिये ट्रायल


फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते सदर विधायक राजकुमार पाल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजेंद्र सिंह (रज्जू भैय्या) विश्वविद्यालय की महिला एवं पुरुष कबड्डी टीम के चयन के लिये बुधवार को एमडीपीजी कालेज में खिलाड़ियों का ट्रायल कराया गया। विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की 11 महिला टीम तथा 11 महाविद्यालयों की पुरुष टीम ने खेल में प्रतिभाग किया। 18 अन्य महाविद्यालयों की टीम नहीं बन पाई किंतु कुछ खिलाड़ी ट्रायल के लिए आए। महिला वर्ग में पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ तथा पुरुष वर्ग में सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज की टीम विजेता बनी। का

र्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजकुमार पाल ने महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र, प्रबंध समिति के मंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद पांडे तथा प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के साथ फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया तथा खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि खेल को खेल भावना से खेला जाना चाहिए। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संयोजन महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह द्वारा किया गया। विश्वविद्यालय क्रीडा परिषद के सचिव डॉ पवन कुमार पचौरी पर्यवेक्षक के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र ने तथा संचालन डॉ रमेश चंद्र शुक्ल एवं डॉ संतोष पांडे ने किया। मैच के परिणामों की जानकारी देते हुए विद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि महिला वर्ग के फाइनल में पीबीपीजी कॉलेज की टीम ने राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर को तीस/चार से पराजित कर विजेता बनी जबकि सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज ने एमडीपीजी कॉलेज को 30/20 से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। दूसरे मैच में पीबीपीजी कॉलेज प्रतापगढ़ ने एमडी पीजी कॉलेज को 34/10 से हराया। पुरुष वर्ग के प्रथम सेमीफाइनल मैच में सरस्वती विद्या मंदिर लालगंज ने राजकीय महाविद्यालय सांगीपुर को 18/7 से परास्त किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में एमडीपीजी कॉलेज की टीम ने आचार्य सदाशिव महाविद्यालय की टीम को 32/19 से पराजित किया।

## साफ-सफाई व अन्य समस्याओं को लेकर गरजे वकील

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील परिसर मे साफ सफाई न होने तथा मुकदमो के लंबित होने आदि समस्याओं को लेकर वकीलों ने बुधवार को एसडीएम से मिलकर नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं मे तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार के ज्यादातर तहसील मे उपलब्ध न होने को लेकर भी गुस्सा नजर आया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राममोहन सिंह के नेतृत्व मे वकीलों ने एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह को ज्ञापन सौंपकर समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी। ज्ञापन मे कहा गया है कि तहसील मे बने वादकारी शेडो मे नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है। वहीं मुकदमों को ऑनलाइन न किये जाने से वादकारियो को भी निस्तारण मे कठिनाईयो का सामना करना पड़ रहा है। धान क्रय केन्द्रों पर छोटे एवं मझले किसानो के आर्थिक शोषण तथा बिचैलियेपन पर भी एसडीएम से कार्रवाई की मांग की गई है। शस्त्र लाइसेंन्स के नवीनीकरण की प्रक्रिया को भी जटिल बनाये जाने को लेकर वकीलों को आक्रोशित देखा गया। वहीं ज्ञापन मे जिलाधिकारी द्वारा तैनात किये गये यहां उपजिलाधिकारी के द्वारा भी कामकाज न किये जाने पर क्षोभ जताया गया। वकीलों ने समस्याओं के समाधान न होने पर विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी। हालांकि एसडीएम ज्ञानेन्द्र विक्रम ने समस्याओं का त्वरित समाधान का भरोसा दिलाकर वकीलों के गुस्से को शांत कराया। इसके पहले उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय के संयोजन मे हुई आम सभा मे तहसील मे प्रशासनिक काम काज की निष्क्रियता पर सामूहिक नाराजगी देखी गयी। सभा का संचालन महामंत्री प्रवीण यादव ने किया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अनिल महेश, देवी प्रसाद मिश्र, संदीप सिंह, हरिशंकर द्विवेदी, सुमित त्रिपाठी, संजय सिंह, गया प्रसाद मिश्र, सिंटू मिश्र, अनूप पाण्डेय, धीरेन्द्र मिश्र, रवीन्द्र नाथ तिवारी, विभाकर शुक्ल, गया प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, दिनेश मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, जयप्रकाश शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, रामअंजोर तिवारी, कालिका प्रसाद पाण्डेय, ओपी जायसवाल, शिव प्रसाद यादव, अजय शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती

### सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला में लगी प्रदर्शनी


प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्य अतिथि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर चिलबिला पूर्वी में महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती हर्षोल्लासपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में मेले का आयोजन किया गया जिसमें भैया बहिनों ने अपने-अपने गणित के प्रदर्शन प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डा0 अनिल बरनवाल का रामानुजन के चित्र पर पुष्पार्जन दीप जलाकर गणित मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य दिग्विजय नाथ पाण्डेय ने अतिथि परिचय कराते हुए स्वागत किया। इस दौरान बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। भैया आदर्श बरनवाल का प्रदर्श संख्या और उसका वर्ग, बहिन कौशिल्य का प्रदर्श कोष्ठक सराहनीय रहा। इस मौके पर उपाध्यक्ष खुशबू, सह मंत्री आरती चैरसिया, प्रचार प्रमुख लक्ष्मी तिवारी, र्प्यावरण व सेवा प्रमुख मंजू प्रजापति ने प्रदर्शनी की सराहना की। अभिभावकों में अनीता, नीता, रोली मिश्रा, रमेश यादव, नीरज शुक्ला, प्रीती ुमार, अर्चिता, शीला, बजरंग, माधुरी यादव प्रमुख रहे। कार्यक्रम गणित प्रमुख बृजेश तिवारी की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्पन्न कराने में शिशु वाटिका की सह प्रान्त प्रमुख विभा शुक्ला, प्रीती सिंह, सुषमा तिवारी, शिवशंकर यादव आदि रहे। संचालन शिशु भारती अध्यक्षा सृष्टि पाण्डेय ने किया।

## परियावां बाजार का जर्जर तार व खम्भा नहीं बदलने से परेशानी

**परियावां, प्रतापगढ़।** भाजपा की सरकार बनते ही परियावां बाजार के ब्यापारियों को उम्मीद जगी थी कि चलो कई दशक पूर्व लगे बाजार में बिजली के जर्जर तार व लोहे के खम्भे से छुटकारा मिल जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ भी नही हुआ। आज भी परियावा बाजार के ब्यापारियों को बिजली की समस्या से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर व्यापारियों ने अपनी इस समस्या को कई बार मौखिक व लिखित रूप से बाबागंज विधायक विनोद सरोज व कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर से शिकायत किया लेकिन ब्यापारियों की इस समस्या का निदान नही हो सका इतना ही नही ब्यापारियों ने जर्जर तार व खम्भे को बदलने के लिए विभाग के जेई व एसडीओ से भी कहा लेकिन कुछ हल नहीं निकल सका जब कि बाजार में तीन फेस की जगह दो ही फेस से बिजली की सप्लाई मिल रही है, फिर भी विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

# ठंड से बचने के लिये नपा ने की सचल रैन बसेरा व हादीहाल में रहने की व्यवस्था

### नगर पालिका अब 11 स्थानों पर जला रही है अलाव


चैक घंटाघर पर अलाव तापते लोग।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बढ़ी हुई ठंड में नगर पालिका ने आठ स्थानों से बढ़कर 11 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है, जिससे लोगों को रात में राहत मिल सके। इसके अलावा रात में यात्रियों को ठंड से बचाने के लिये रोडवेज बस स्टेशन पर सचल रैन बसेरा खड़ा किया गया है जिसमें छह बेड सोने के लिये हैं तथा गरम पानी व शौचालय की व्यवस्था है।

इसके अलावा हादीहाल में 20 महिला पुरुषों के लिये अलग-अलग रहने के लिये निःशुल्क व्यवस्था की गई है। नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह का स्पष्ट निर्देश है कि इस भीषण ठंड में किसी को दिक्कत न हो। इसी के लिये सचल रैन बसेरा और हादीहाल में व्यवस्था की गई है। यदि इन दोनों स्थानों पर जगह की कमी पडेगी तो अचलपुर के आश्रय स्थल में भेजने की व्यवस्था की गई है। अलाव के बारे में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शहर के अम्बेडकर नगर चैराहा, रोडवेज बस स्टेशन, मीरा भवन चैराहा, भंगवा चुंगी, रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल व महिला अस्पताल, सदर मोड़, चिलबिला चैराहा, चैक घंटाधर व हादीहाल के सामने अलाव जलाये गये हैं।

## महिला कांग्रेस ने क्षेत्र में निकाली शक्ति यात्रा



मोहनगंज बाजार में निकली महिला कांग्रेस की शक्ति यात्रा।

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बुधवार को जिले के विश्वनाथगंज विधान सभा क्षेत्र में रानीगंज बाजार से मोहनगंज बाजार तक शक्ति यात्रा का आयोजन महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरोज धुरिया के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में विधान सभा चुनाव 2022 हेतु आवेदक सरोज धुरिया के नेतृत्व में भारी संख्या में महिलाओं ने लड़की हूँ, लड़ सकती हूं के प्लेकार्ड लेकर पदयात्रा की और प्रियंका गांधी के संदेश को आमजन तक पहुंचाने का काम किया। इस अवसर पर राम रतन तिवारी, अभय किशोर त्रिपाठी, इंद्रानंद तिवारी, नागेंद्र पांडेय, उर्मिला देवी, सोनम, रानी, आशा, मोनी सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं। यह जानकारी डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष (प्रशासन एवं कार्यक्रम)/सदस्य पीसीसी ने दी।

# दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, अवैध तमन्चा व देसी बम बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** थाना कन्धई से प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थानाक्षेत्र के बहुरूपपुर तिराहे के पास से दो व्यक्तियों प्रिन्स कुमार सरोज पुत्र स्व0 दिनेश कुमार सरोज नि0 मदुरा रानीगंज थाना कोहड़ौर को 01 अदद तमन्चा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 02 अदद देसी बम के साथ तथा शहवान उर्फ कल्लू पुत्र जमील अहमद नि0 मदुरा रानीगंज थाना कोहड़ौर को 03 अदद देसी बम के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि हम लोग अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्रों में लूट/छिनैती का काम करते हैं। कुछ दिन पूर्व प्रतापगढ़ शहर के कम्पनी गार्डन ट्रांजिस्ट हास्टल के पीछे एक व्यक्ति से 11 हजार रू0 की छिनैती किये थे तथा कुछ दिन पूर्व कोहड़ौर के शिवपुर खुर्द गांव के पास भी एक व्यक्ति से 05 हजार रू0 की छिनैती किये थे। आज भी हम लोग लूट करने के उद्देश्य से यहां खड़े थे कि आप लोगों द्वारा पकड़ लिये गये। अभियुक्तों द्वारा बताये गये अन्य तथ्यों के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। उधर थाना बाघराय से उ0नि0 हरिमोहन राजपूत मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के बिहार मोड़ के पास से थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 285/21 धारा 363, 323, 506(2) भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त शिवम ओझा पुत्र स्व0 ओम प्रकाश ओझा नि0 कालू राम का पुरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### डिप्टी सीएम ने नवनिर्मित गेस्ट हाउस तथा दुकानों का किया उद्घाटन

**कौशाम्बी।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा आदर्श नगर पंचायत सिराथू में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर योजनान्तर्गत वार्ड नं0-02 में नवनिर्मित गेस्ट हाउस तथा दुकानों का उद्घाटन लोकार्पण किया इस अवसर पर विधायक सिराथू श्री शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल, जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, अध्यक्ष नगर पंचायत राजेन्द्र कुमार भोला यादव एवं अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार मौर्य सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### महिला जन सुनवाई 24 दिसम्बर को होगी

**कौशाम्बी।** सदस्या, उ0प्र0 राज्य महिला आयोग सुश्री ऊषारानी दिनांक 24 दिसम्बर 2021 को लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, मंझनपुर में महिला जनसुनवाई एवं महिला उत्पीड़न की घटनाओं की जनसुनवाई करेंगी।

### क्रिकेट क्लब 2021 का शुभारंभ

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के पल्टीपुर अंदावा सहजादपुर में श्रीराम क्रिकेट क्लब 2021 का उद्घाटन सपा नेता आनंद मोहन पटेल ने फीता काटकर किया है इस मौके पर उपस्थित संचालक रंजीत यादव अध्यक्ष जितेंद्र पाल कोषा अध्यक्ष शुभम तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक में डिप्टी सीएम के कड़े तेवर देखकर अधिकारियों के छूटे पसीने

## डिप्टी सीएम ने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता ठेकेदार और अवर अभियंता की शिकायत पर जमकर लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा आज माँ शीतला अतिथि गृह, सिराथू में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।बैठक में निराश्रित गोवंशों के सम्बन्ध में समीक्षा के दौरान बताया गया कि गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों को रात्रि के समय में छोड़ देने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने गौशालाओं में संरक्षित गोवंशो का नियमित सत्यापन कराने के निर्देश के साथ ही विशेष टीम का गठन कर रात्रि एवं दिन में गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों की जांच कराने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को देते हुए कहा कि इस प्रकार की लापरवाही पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी कर्मी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने छुट्टा घूम रहे गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी गोवंश के छुट्टा घूमने की शिकायत न आने पाये उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ जिन किसानो को अभी तक नहीं मिल रहा है, उन सभी पात्र किसानों को योजना से लाभान्वित कराने हेतु आधार कार्ड बनाने की टीम एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित कर विशेष



समीक्षा बैठक में मौजूद डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या विधायक सिराथू व अधिकारीगण

अभियान चलाकर गांव-गांव में कैम्प लगाकर सभी वंचित पात्र किसानो को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने आयोजित कैम्प में पेंशन न पा रहे दिव्यांग, वृद्ध एवं विधवा महिलाओं का पेंशन बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति से लाभान्वित करने के भी निदेश दिये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को विद्यालयां में बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उपमुख्मंत्री ने नगर पालिका परिषद मंझनपुर एंव भरवारी के विस्तार से जो गांव नगर पालिका में शामिल हुए हैं, उन सभी क्षेत्रो में विशेष कैम्प लगवाकर पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास, पेंशन एवं पेयजल आदि कल्याणकारी योजनाओ एवं अन्य सभी सुविधाओं से प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्हांने जनपद के सभी पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सभी योजनाओं से सर्वोच्च प्राथमिकता पर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्हांने कृषक दुर्घटना के लाभार्थियों को सहायता राशि दिये जाने के निर्देश दिये।

उपमुख्यमंत्री ने धान खरीद की समीक्षा के दौरान डिप्टी आर0एम0ओ0 को हाईब्रिड धान के सम्बन्ध में प्रस्ताव तैयार कर शासन को पत्र प्रेषित करने के साथ ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद फतेहपुर एवं प्रयागराज के राईस मिलरों से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्हांने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि ट्रान्सफार्मर बदलने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले जे0ई0 के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि बिजली से सम्बन्धित सभी शिकायतों का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाय, ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। बैठक में राशन वितरण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि कहीं-कहीं पर घटतौली की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने टास्कफोर्स का गठन कर आकस्मिक जांच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई घटतौली करते हुए पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाय उन्होंने कहा कि घटतौली करना महापाप है। बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 146 गावों का प्रस्ताव बनाया जाना है, जिसमें 21 डी0पी0आर0 बनायी जानी है, जो दिसम्बर माह तक पूरा कर लिया जायेगा, जिस पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लायी जाय तथा ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होंने निमार्णाधीन पानी की टंकियों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाय, जिससे लीकेज की शिकायत न होने पाये। उप मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी को कोविड के नये वैरिएण्ट के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियॉ तथा कोविड-19 टीकाकरण की द्वितीय डोज में प्रगति लाये जाने हेतु मास्टर प्लॉन बनाकर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओ की बेहतर व्यवस्था हेतु रिक्त विशेषज्ञ चिकित्सकों के नियुक्ति के लिए आवश्यक कार्यवाहियॉ की जाय। उन्होंने निमार्णाधीन ट्रामा सेन्टर के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को दिये तथा सी0एम0ओ0 को ट्रामा सेंटर के शीघ्र संचालन हेतु कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिये। उपमुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन सड़कों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 को नियमित निरीक्षण कराकर गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्ता ठीक न पाये जाने पर सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होंने सेतुओं के निर्माण की समीक्षा के दौरान कहा कि आ रही समस्याओं का समाधान कर निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाय। उन्होंने अधिशासी अभियंता सिंचाई को निर्देशित किया कि नहरों मे टेल तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा आवश्यकतानुसार नहरों की पटरियों पर सड़कों के निर्माण हेतु सर्वे कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाय। उन्होंने ससुर खदेरी नदी में पानी लाये जाने हेतु विस्तृत इस्टीमेट बनाकर एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।


इस अवसर पर विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल एवं लाल बहादुर, जिलाध्यक्षा श्रीमती अनीता त्रिपाठी, जिलाधिकारी सुजीत कुमार पुलिस अधीक्षक राधेश्याम विश्वकर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी व अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने माँ शीतला गेस्ट हाउस सिराथू, में क्षेत्रीय आमजनों की शिकायतों को सुना एंव तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

# हजारों रेल यात्रियों के लिए भगवान बन गया रेलवे कीमैन

## हावड़ा-दिल्ली रेल लाइन के अटसराय कनवार के बीच रेल पटरी टूटी, कीमैन के सतर्कता से टला बड़ा हादसा

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग के कनवार अटसराय रेलवे स्टेशन के बीच संकरा बाबा देवस्थान के पास रेलवे ट्रैक टूट गया लेकिन रेलवे कंट्रोल अधिकारी और स्टेशन मास्टर को ट्रैक टूटने की जानकारी नहीं हो सकी रेलवे के अधिकारियों ने यात्री ट्रेन गुजरने के लिए सिग्नल दे दिया लेकिन इसी बीच रेलवे कीमैन की नजर टूटी रेल पटरी पर पड़ गई और उसने मामले की सूचना रेल अधिकारियों को देने के साथ-साथ मौके पर यात्री गाड़ी को रोकने का इंतजाम किया यात्री गाड़ी रुक जाने के बाद हादसा टल गया और टूटे रेलवे ट्रैक को



टूटी रेल पटरी बनाते रेलवे कर्मचारी

बनाने के बाद यात्री ट्रेनों को रेल पटरी पर निकाला गया। बुधवार की सुबह सवेरे मॉर्निंग वॉक पर आसपास के लोग गए थे तो देखा कि रेलवे ट्रैक पर कीमैन भाग रहा है जिस पर लोगो ने उससे पूंछा तो कीमैन कुछ बोला नही उत्सुकता वश लोग नजदीक पहुंच गए कीमैन रेलवे ट्रैक डाउन लाइनपोल नम्बर 891/26व 892/2 के पास टूटी हुई रेल पटरी को देख रहा था कीमैन ने पटरी टूटने की जानकारी अपने उच्चाधिकारियों स्टेशन मास्टर को दी और खम्भो पर प्रोटेक्शन बांध कर गुजरने वाली रेलगाड़ियों के चालकों को सचेत किया इस दौरान लकड़ी का टुकड़ा ट्रैक के नीचे लगाया रेलवे पटरी के टूटने की सूचना पर उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर ट्रैक को दुरुस्त करवाया। कीमैन गंगादीन की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया अन्यथा एक्सप्रेस गाड़ियों के गुजरने पर भयानक हादसा हो सकता था।

# साधनों के अभाव में भी हमें सफलता अर्जित करनी होगी : पूर्व निदेशक

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में आठवे वार्षिक क्रीड़ा समारोह का समापन दिनांक 22 दिसंबर को संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ0 महेंद्र राम, पूर्व निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज रहे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0 विनय कुमार सिंह प्राचार्य महामाया राजकीय महाविद्यालय द्वारा किया गया।

समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य डॉ विनय कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर-के किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा विजेताओं को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता ( छात्र) प्रथम स्थान पंचम लाल ,द्वितीय स्थान अरुण कुमार , तृतीय स्थान राजेश कुमार, 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता ( छात्रा ) प्रथम स्थान विभा पांडे, द्वितीय स्थान आकांक्षा कुशवाहा, तृतीय स्थान अर्वंतिका देवी, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता( छात्र )प्रथम स्थान दिलीप कुमार , द्वितीय स्थान राजेश कुमार ,तृतीय स्थान उमेश कुमार , लंबी कूद प्रतियोगिता (छात्र) प्रथम





खेलकूद में सम्मानित छात्र-छात्राएं

स्थान दिलीप कुमार , द्वितीय स्थान विकास कुमार तृतीय स्थान हिमांशु , लंबी कूद (छात्रा) प्रथम स्थान अर्वंतिका देवी , द्वितीय स्थान आकांक्षा कुशवाहा, तृतीय स्थान विभा पांडे, ऊंची कूद प्रतियोगिता में( छात्र ) प्रथम स्थान दिलीप कुमार ,द्वितीय स्थान पंचम लाल, तृतीय स्थान राजेश कुमार ऊंची कूद प्रतियोगिता ( छात्रा ) में प्रथम स्थान आकांक्षा कुशवाहा ,द्वितीय स्थान प्रियंका देवी, तृतीय स्थान अर्वंतिका देवी गोला फेंक ( छात्र )प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंचम लाल, द्वितीय स्थान अरुण कुमार, तृतीय स्थान हिमांशु, गोला फेंक (छात्रा ) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आकांक्षा कुशवाहा , द्वितीय 11स्थान फहुम बानो , तृतीय स्थान प्रीति मौर्य, चक्का फेंक ( छात्र) प्रतियोगिता में विकास कुमार प्रथम स्थान, पंचम लाल द्वितीय स्थान, दिलीप कुमार तृतीय स्थान चक्का फेंक (छात्रा ) प्रतियोगिता में कल्पना गौतम प्रथम स्थान, प्रीति मौर्या द्वितीय स्थान, शिफा खानम तृतीय स्थान भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पंचम लाल , द्वितीय स्थान विकास कुमार ,तृतीय स्थान हिमांशु ,भाला फेंक( छात्रा )प्रतियोगिता में आकांक्षा कुशवाहा प्रथम स्थान ,विभा पांडे द्वितीय स्थान रश्मि वर्मा तृतीय स्थान400 मीटर दौड़ ( छात्र) मे दिलीप कुमार (प्रथम), उमेश कुमार (द्वितीय), पिंकेश कुमार (तृतीय) रहे । 400 मीटर दौड़ ( छात्रा) मे विभा पाण्डेय (प्रथम) , प्रियंका देवी(द्वितीय), किरन देवी (तृतीय) रही। छात्र चैम्पियन दिलीप कुमार इ. रू. क एवं छात्रा चैम्पियन अकांक्षा कुशवाहा इ. रू.कक्करही । इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 अरविंद कुमार , डॉ0 नीलम बाजपेई, डॉ0 भावना केसरवानी ,डॉ0 रीता दयाल, डॉ0 तरित अग्रवाल ,डॉ0 पवन कुमार,डॉ0 नीरज कुमार ,डॉ0 रमेश चंद्र डॉ0 अमित शुक्ल ,डॉ0 संतोष कुमार अजय कुमार मानवेंद्र सिंह साहनी आदि उपस्थित रहे। क्रीडा प्रभारी द्वारा मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय परिवार के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# टिकट पाने के लिए खुद भटकने वाले लोग टिकट दिलाने का ले रहे ठेका

## पार्टी को बदनाम कर टिकट दिलाने वालों के कारनामे शीर्ष नेताओं तक पहुंचे तो नेताओं की छीछालेदर होना तय

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** विधानसभा का ख्वाब देख रहे टिकट पाने के लिए जो नेता लंबे समय से दर दर की ठोकर खा रहा है नेताओं के चौखट पर जी हुजूरी कर खुद टिकट पाने का जुगाड़ लगा रहा है तमाम प्रयास के बाद अपने टिकट को फाइनल नहीं कर पा रहा है चापलूसी की हद तो तब हो गई टिकट पाने में असफल वही व्यक्ति इन दिनों दूसरे नेताओ को टिकट दिलाने का ठेका ले रहा है विधानसभा चुनाव का टिकट दिलाने के नाम पर मोटी रकम ऐंठने का खेल भारतीय जनता पार्टी में भी बेखौफ तरीके से चल रहा है जिससे पार्टी की छवि भी धूमिल हो रही है लेकिन टिकट दिलाने का ठेका लेने वालों के कारनामों पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की नजर अभी नहीं पहुंची है यदि टिकट दिलाने का ठेका लेने वालों के कारनामे पार्टी के शीर्ष नेताओं तक पहुंची तो ऐसे नेताओं को धक्के मारकर पार्टी से बाहर भी किया जा सकता है।आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में पार्टी किस चेहरे को प्रत्याशी घोषित करेगी घोषणा के पूर्व इस बात की जानकारी पार्टी के दिग्गज नेताओं को भी नहीं हो पाती है विधानसभा प्रत्याशी की घोषणा शीर्ष स्थल पर बड़े गुपचुप तरीके से रणनीति के बाद तय किया जाता है और अचानक विधानसभा में प्रत्याशियों के नामों की घोषणा शीर्ष स्तर से कर दी जाती है लेकिन विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दल से विधायकी का टिकट दिलवाने के नाम पर इन दिनों फिर गैंग के सदस्य सक्रिय हैं और वह नए नए नेताओं को विधायकी का सपना दिखाकर अपने लंबे चौड़े बयान में फंसा लेते हैं चुनाव लड़ने की मंशा रखने वाले नए नए नेता शातिराना दिमाग वालो का भरोसा कर लेते हैं और टिकट दिलाने की गैंग में शामिल सदस्य मौका मिलते ही मोटी रकम ठग लेते हैं बाद में मालूम चलता है कि उन्हें टिकट नहीं मिल सका है और वह ठगे गए हैं लेकिन ठगे जाने के पूर्व टिकट लड़ने की लाइन में लगे नए नेता गैंग के सदस्यों की चिकनी चुपड़ी बातों में फंस कर उन्हें अपना खास समझने की भूल कर लेते हैं भाजपा में टिकट दिलाने वाले गिरोह के कारनामों से जिसने नए नेताओ को सच्चाई से अवगत कराया टिकट गैंग के कारनामों को बताने वाले लोगों को नए नए नेता अपना विरोधी मान लेते हैं जबकि सच्चाई यह है कि नए नए नेता इन दिनों टिकट के नाम पर ठगे जा रहे हैं टिकट दिलाने वाले गैंग के सदस्य के झांसे में इन दिनों चायल क्षेत्र का एक नेता फस चुका है।

### विधानसभा का ख्वाब देख रहे फरीद सेठ भी हुए ठगी के शिकार

**कौशाम्बी।** बीते दिनों बहुजन समाज पार्टी से टिकट दिलाने के नाम पर फरीद सेठ को ठगा जा चुका है मामले में कोखराज थाने में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी फरीद सेठ की तीस लाख रुपए की रकम वापस नहीं हो सकी है इन दिनों जिले में भारतीय जनता पार्टी से टिकट दिलाए जाने के नाम पर एक गैंग सक्रिय है और वह लोगों को भरोसा दिला रहा है कि वर्तमान विधायकों का टिकट काटकर तुम्हें टिकट दिला दिया जाएगा और टिकट दिलाने के नाम पर खर्चे के बहाने मोटी रकम ठगी जा आ रही है।

# शिक्षण में आईसीटी का प्रयोग कर बनाएं रूचिपूर्ण : डायट प्राचार्य

## डायट में दो दिवसीय आईसीटी प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ, के आदेश के क्रम में जनपद स्तरीय सूचना एवं संचार तकनीकी (आई सी टी) प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, मंझनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में बुधवार को सम्पन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डायट प्राचार्य स्वराज भूषण त्रिपाठी ने प्रतिभागियों को कक्षा शिक्षण में आई॰सी॰टी॰ के महत्व को समझाते हुए उसका अधिकतम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि'सूचना युग' के शैक्षिक उद्दे?यों को साकार करने के लिए शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के आधुनिक रूपों को शामिल करने की आव?यकता है।इसके प्रयोग से शिक्षण रुचिकर होगा और छात्र सीखने के लिए तत्पर रहेंगे।उन्होंने प्रतिभागियों को आई॰सी॰टी॰से संबंधित अपने अनुभवों, प्रयोगों को साझा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर के तथा माध्यमिक स्तर के कुल 25 शिक्षक और शिक्षिकाओं ने



कार्यक्रम में उपस्थित डायट प्राचार्य शिक्षक व अन्य

प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपना अपना प्रजेंटेशन दिया।कार्यक्रम का संचालन डॉ वंदना सिंह, डायट प्रवक्ता (मनोविज्ञान) द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल की सर्वसम्मति से समस्त प्रतिभागियों में से महिला वर्ग में अनुराधा पांडेय,प्राथमिक विद्यालय अमिरसा,ब्लॉक नेवादा और पुरुष वर्ग में रोहित सिंह तोमर प्राथमिक विद्यालय कृष्णा डोली,ब्लॉक मूरतगंज का चयन किया गया। इस प्रतियोगिता में डायट के प्रवक्ता डॉ संदीप तिवारी, डॉ अनामिका शर्मा,नितीश कुमार यादव, सुरेश चंद्र मिश्र,विपिन कुमार,कौशलेंद्र मिश्र मौजूद रहे।

# एक करोड़ 65 लाख के आरोप में 42 लाख की पुष्टि

## कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी की बर्खास्त प्रधानाचार्य नीलम देवी को फिर भी दिया जा रहा था वेतन, शासन ने मामले की जांच कराई तो जिला विद्यालय निरीक्षक सहित प्रबंध तंत्र की बढ़ सकती है मुसीबत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** शिक्षा विभाग के अफसर के कारनामे भी बड़े न्यारे हैं उन्हें न्यायालय के आदेश और उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों की अवहेलना करने में तनिक भय नहीं लग रहा है कानून विरोधी लोगों को कानून के मकड़जाल में उलझा कर लाभ पहुंचाने की आड़ में बेखौफ तरीके से कमीशन खोरी हो रही है तमाम मामले ऐसे हैं जो साफ-सुथरे होते हुए भी कानून की दहलीज पर उलझे हैं और इसका सीधा लाभ शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी उठाकर सरकार को चपत लगा कर मालामाल हो रहे हैं इसी तरह का एक मामला कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी की प्रधानाचार्य नीलम देवी का है। नीलम देवी ने नियुक्ति के समय गलत अभिलेख लगाकर फर्जी तरीके से नियुक्ति हासिल की थी शिकायत के बाद जांच में शिक्षा निदेशक ने नीलम देवी की नियुक्ति को रद्द करते हुए नीलम देवी को बर्खास्त कर दिया और इनके वेतन की वसूली का निर्देश जारी कर दिया जिस पर नीलम देवी ने उच्च न्यायालय की शरण ली उच्च न्यायालय ने इनकी बर्खास्तगी के मामले पर किसी प्रकार की राहत इन्हें नहीं दिया जिस पर डबल बेंच फिर इन्होंने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दाखिल की जहां से इनकी रिट याचिका खारिज कर दी गई रिट याचिका खारिज किए जाने के बाद भी शिक्षा निदेशक के आदेश पर इनके वेतन नहीं रोके गए जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा बर्खास्त प्रधानाचार्य को बराबर वेतन दिया जाता रहा इसी बीच बर्खास्त प्रधानाचार्य के कार्यकाल में कराए गए कार्यों में प्रबंध तंत्र ने जांच कराई तो एक करोड़ 65 लाख रुपए से अधिक के घोटाला की पुष्टि हुई जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुनः जांच करने के बाद 42 लाख रुपए का गबन पाया और गबन की गई रकम बर्खास्त प्रधानाचार्य नीलम देवी से वसूली करने के निर्देश दिया गया है लेकिन 42 लाख की रकम तो वसूली नहीं हो सकी लेकिन इन्हें पूर्व में बर्खास्त किए जाने के बाद भी पूर्व से वेतन देते रहे और एक करोड़ छाछट लाख रुपए के आरोप में वेतन रोक दिया गया था नियुक्ति रद्द किए जाने के बाद किसी अदालत ने उस पर स्टे नहीं दिया है लेकिन फिर इधर वेतन दिए जाने की सुगबुगाहट शुरू है आखिर बर्खास्त प्रधानाचार्य नीलम देवी को मोहरा बनाकर प्रबंध तंत्र से लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी योगी सरकार के खजाने को लूटने में क्यो लगे हैं यदि बर्खास्त प्रधानाचार्य नीलम देवी के प्रकरण पर सूबे के मुख्यमंत्री ने जांच कराई तो जिला विद्यालय निरीक्षक पर जहां कठोर कार्रवाई होगी वही प्रबंध तंत्र के पदाधिकारियों सदस्यों पर भी मुकदमा दर्ज हो सकता है।

### प्रबंध तंत्र ने दर्ज कराई आपत्ति

**कौशांबी।** कस्तूरबा कॉलेज के विवाद में प्रबंध तंत्र ने जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र भेजकर प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए कहा कि बर्खास्त प्रधानाचार्य नीलम को प्रबंधक अकेले मनमानी तरीके से उन्हें बहाल करने में लगे हैं प्रबंध तंत्र के पदाधिकारियों सदस्यों ने स्पष्ट तौर से कहा है कि बर्खास्त प्रधानाचार्य के गबन के रुपए की वसूली कराई जाएगी और उन्हें वेतन नहीं दिया जाएगा।

# तीन तमंचा बाइक लूट की रकम समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों की गिरफ्तारी पर पचास पचास हजार का इनाम पुलिस महानिरीक्षक ने किया था घोषित



लूट की घटना का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक साथ मे मौजूद पुलिस अधीक्षक वा अन्य

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र में सहज जन सेवा केंद्र के कर्मचारी को गोली मारकर लूटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूट की रकम एक लाख 75 हजार रुपए बरामद कर ली है मामले का खुलासा प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक ने किया है। पकड़े हुए अभियुक्तों में जयप्रकाश निषाद पुत्र राम भरोसे निवासी निहालीपुर थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली व महेंद्र साहू पुत्र रामकुमार निवासी कन्दरावां थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली तथा गोरेलाल पासी पुत्र स्वर्गीय चंद्रपाल निवासी समसपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर उनके पास से तीन अदद तमंचा 315 बोर का 6 अदद कारतूस और लूट के एक लाख 75 हजार रुपए सहित 1 अदद एचपी कंपनी का लैपटॉप तथा कौशांबी जनपद सहित अन्य जनपदों से लूट में विभिन्न बैंकों के पासबुक एटीएम कार्ड चेक बुक एवं आधार कार्ड और 2 अदद बैग 3 अदद मोबाइल अलग-अलग कंपनी का एक अदद मोटर साइकिल हौंडा शाइन नंबर यूपी 73 वी 4526 घटना में इस्तेमाल किए गए अपाचे गाड़ी के खुले हुए अलग-अलग पार्टस भी बरामद किए गए हैं गिरफ्तार करने वाली टीम में सिद्धार्थ सिंह प्रभारी इंटेलिजेंस विंग स्वाट टीम राजेंद्र प्रसाद यादव सिंह सर्विलांस सेल प्रमोद कुमार विश्वकर्मा मनोज कुमार यादव विजय कुमार सिंह सरताज अहमद धर्मेंद्र कुमार यादव मनीष कुमार जितेंद्र सिंह चेतन बापू पुलिस लाइन सहित थाना पुलिस टीम शामिल रही। इन सभी अभियुक्तों पर महा निरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र द्वारा 50- 50 हजार का इनाम घोषित किया था जनपद कौशांबी के थाना चरवा में पंजीकृत 262/21 धारा 394 411 व 267/21 धारा 307 व 268/21 धारा 3/25 आर्म्स ऐक्ट व 269/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व 270 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा जनपद प्रयागराज थाना कोरांव में पंजीकृत 264/21 धारा 394 व जनपद प्रतापगढ़ थाना मानिकपुर में 332/21 धारा 394 और जनपद रायबरेली थाना ऊंचाहार में 602/11 धारा 420,467 411,413,414 व 604/11 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट व 698/14 धारा 41/109 व 83/17 धारा 110 जी व 45/19 धारा 932/411 व 54/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट तथा जनपद फतेहपुर थाना खागा में 492/19 धारा 307 में मुकदमा पंजीकृत है जो जनपद में लूट जैसी घटना को अंजाम देते थे।

### वसूली में लिप्त चौकी पुलिस फरियादी परेशान

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र की बेनीराम कटरा पुलिस चौकी के सिपाही और चौकी इंचार्ज हमेशा चौकी से गायब रहते हैं, जिससे चौकी आने वाले फरियादियों से चौकी पुलिस की मुलाकात नहीं हो पाती है। पूरे दिन इंतजार करने के बाद फरियादियों को निराश होकर वापस लौटना पड़ रहा है। मौके पर मौजूद एक होमगार्ड फरियादियों को मिलता है, जो ग्रामीण क्षेत्र से आए पीड़ितों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पाता है। बताया जाता है कि बालू लदे ओवरलोड वाहनों से अवैध वसूली के चक्कर में पूरी पुलिस चौकी भगवान भरोसे छोड़ दी जाती है। इलाके के लोगों ने चौकी पुलिस के कारनामे की ओर आला अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### जनप्रतिनिधि करेंगे धरौली का वितरण

**कौशाम्बी।** अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय ने अवगत कराया है कि प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी में दिनांक 23 दिसम्बर 2021 को अपरान्ह 1 बजे से प्रदेश के 15 हजार ग्राम में तैयार की गयी नई 20 लाख घरौनियों का बटन दबाकर डिजिटल वितरण किया जायेगा। इस कार्यक्रम का सम्राट उदयन सभागार में सजीव प्रसारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी तहसीलों में जन प्रतिनिधियों द्वारा घरौनियों का वितरण लाभार्थियों को किया जायेगा।

## सम्पादकीय

### जम्मू-कश्मीर परिसीमन पर सवाल

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 और अनुच्छेद-35 ए की वापसी के साथ ही राज्य को दो हिस्सों में बांटने का फैसला 5 अगस्त, 2019 को मोदी सरकार ने लिया था। दावा था कि इससे राज्य में विकास के नए द्वार खुलेंगे, कश्मीरी पंडितों की घर वापसी होगी, आतंकवाद पर रोक लगेगी। लेकिन लगभग ढाई साल बाद भी इस अनूठे प्रदेश में हालात सामान्य नहीं हुए हैं। लद्दाख तो अलग हो ही गया, वहां की अपनी चिंताएं हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में भी जनजीवन सामान्य नहीं हो पाया है। न आतंकवाद को खत्म किया जा सका, न कश्मीरी पंडितों की घर वापसी हुई और अब तो इस राज्य में पिछले दरवाजे से आकर विभाजनकारी खेल खेलने की कोशिश हो रही है। भाजपा परिसीमन के बहाने जम्मू-कश्मीर में अपना राजनैतिक एजेंडा यानी हिंदू बहुल वोटों को अपने पक्ष में करने के पैंतरे चल रही है, ऐसा आरोप विभिन्न राजनैतिक दल लगा रहे हैं। दरअसल इस सोमवार दिल्ली में परिसीमन आयोग की बैठक हुई। बैठक में जम्मू क्षेत्र में छह नई सीटें और कश्मीर घाटी के लिए एक नई सीट जोड़ने का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव के मुताबिक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कम से कम 16 सीटें आरक्षित रहेंगी। इस प्रस्ताव के अमल में आने के बाद 83 सीटों वाली जम्मू-कश्मीर विधानसभा में जम्मू क्षेत्र की सीटें 37 से बढ़कर 43 और कश्मीर घाटी की सीटें 46 से बढ़कर 47 हो जाएंगी। अनुसूचित जाति और जनजाति मुख्य रूप से जम्मू में हैं और इसका मतलब यह हुआ कि जम्मू को लगभग 60 सीटें मिलेंगी। इसके पूर्व जम्मू-कश्मीर विधानसभा में कुल 87 सीटें थीं जिनमें लद्दाख की चार सीटें शामिल थीं लेकिन अगस्त 2019 के पुनर्गठन विधेयक के बाद लद्दाख को अलग कर दिया गया था।

गौरतलब है कि भारत में परिसीमन आयोग का गठन पहली बार 1952 में किया गया। यह आजादी के बाद का दौर था, कई भारतीय रियासतें खत्म हुई थीं और एक नए लोकतंत्र का भारत में उदय हुआ था। जिसमें सरकार के सामने यह चुनौती थी कि सभी जाति, धर्म, वर्ग और समुदायों की एक समान भागीदारी लोकतंत्र में रहे। अलग-अलग भौगोलिक इलाकों में रहने वाले नागरिकों को निर्वाचन की प्रक्रिया में बराबरी का हक मिले और उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिले, इस लिहाज से भी परिसीमन का खास महत्व है। इसलिए 1952 के बाद 1963, 1972 और फिर 2002 में परिसीमन आयोग बने। संविधान के अनुच्छेद-81 के अनुसार, लोकसभा के संयोजन में आबादी में होने वाले बदलाव नजर आने चाहिए। हालांकि 1976 में जो परिसीमन किया गया था, उसका आधार 1971 की जनगणना थी, और उस समय सीटों की संख्या कमोबेश पहले जैसी ही थी। राज्य की सीटों की संख्या और आबादी का अनुपात सभी राज्यों में लगभग एक सा होना चाहिए। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो कि हर राज्य को एक बराबर प्रतिनिधित्व मिले। और 60 लाख से कम आबादी वाले छोटे राज्यों को इस नियम से छूट दी जाती है। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को कम से कम एक सीट आबंटित है, भले ही उसकी जनसंख्या कितनी भी हो। उदाहरण के लिए लक्षद्वीप की आबादी एक लाख से कम है लेकिन संसद में वहां से एक लोकसभा सांसद है। दक्षिण के राज्यों में आबादी नियंत्रित है, लेकिन ये सुनिश्चित करने के लिए कि उन्हें कम सीटें न मिलें, 2001 तक वहां परिसीमन का काम इस आधार पर रोक दिया गया कि देश में 2026 तक आबादी की एक समान वृद्धि दर हासिल कर ली जाएगी। लेकिन पिछले साल केंद्र सरकार ने खास जम्मू-कश्मीर के लिए परिसीमन आयोग का गठन किया और उसके बाद आयोग ने जम्मू और कश्मीर के तमाम राजनीतिक दलों के साथ बैठकें कीं। हालांकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने इस पूरी प्रक्रिया पर ही संदेह जताया था और इन बैठकों में भाजपा सरकार के अनुच्छेद-370 को रद्द करने का मुद्दा उठाया। नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पार्टी ने सवाल उठाया था कि जब देश में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन को साल 2026 तक के लिए रोक दिया गया तो जम्मू और कश्मीर में अभी ऐसा क्यों हो रहा है। वहीं पीडीपी ने तो परिसीमन आयोग के साथ बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। महबूबा मुफ्ती का तर्क था कि केंद्र सरकार ने आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कोई $कदम नहीं उठाया है। उन्होंने परिसीमन की प्रक्रिया के नतीजों को 'व्यापक तौर' पर पहले से तय बताया था। परिसीमन से ऐतराज जताने वाले राजनीतिक दलों ने आशंका जताते हुए कहा है कि यह परिसीमन आयोग जम्मू-कश्मीर के मुस्लिम बहुमत के $खलाफ काम करेगा और उन्हें राजनीतिक तौर पर अल्पसंख्यक में बदल देगा। पिछले साल पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित ग्रुप ऑफ कन्सर्न्ड सिटिजन्स ने परिसीमन आयोग को एक ज्ञापन सौंपा था। इसमें कहा गया कि 2011 में हुई जनगणना का संदर्भ लेते हुए 'परिसीमन' किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार परिसीमन के उद्देश्यों की जगह अपने उद्देश्यों की पूर्ति में लगी है। कश्मीर के मुकाबले जम्मू की सीटें बढ़ाकर हिंदू बहुल आबादी का फायदा भाजपा अपने लिए उठाना चाहती है।

# विक्रमादित्य और रामजन्म मंदिर पुनर्निर्माण

**डॉ. अजय खेमरिया**

कम ही लोगों को पता है कि महाराज विक्रमादित्य ने भी बाबा महाकाल मंदिर की शोभा बढ़ाने के साथ लोप हो चुकी अयोध्या की खोज करने तथा श्री रामजन्म मंदिर के पुनर्निर्माण का महती कार्य किया था। आज से कोई 2078 बरस पहले, जिसे बाबर के सेनापति मीर बांकी ने 1528 में ध्वस्त किया था और जिस पर अब भव्य राममंदिर का पुनर्निर्माण हो रहा है। इसके साथ अयोध्या में 240 नये मंदिरों तथा 60 प्राचीन मंदिरों के निर्माण का श्रेय भी महाराजा विक्रमादित्य को जाता है। यह कोई कपोल कल्पित बात नहीं है, बल्कि सर्वोच्च न्यायालय में दी गयी तथ्यात्मक दलील का भाग है, जिसे न्यायालय द्वारा मान्यता दी गयी है। इसका विस्तार से उल्लेख गीता प्रेस, गोरखपुर द्वारा प्रकाशित पुस्तक ह्यअयोध्या दर्शनह्ल में भी मिलता है। उल्लेखनीय है कि श्रीरामजन्मभूमि पक्ष की ओर से कहा गया था कि उस स्थान पर महाराजा विक्रमादित्य के समय से एक मंदिर था जिसके कुछ हिस्से को बाबर की सेना के कमांडर मीर बांकी ने नष्ट किया और मस्जिद बनाने का प्रयास किया था। उसने उसी मंदिर के खंभे आदि का इस्तेमाल किया। काले कसौटी पत्थर के बने खंभों पर हिन्दू देवी-देवताओं की आकृतियां खुदी हुई थी। इस निर्माण कार्य का बहुत विरोध हुआ और हिन्दुओं ने कई बार लड़ाइयां लड़ीं जिसमें लोगों की जानें भी गई। अंतिम लड़ाई 1855 में लड़ी गयी थी। इन सबके कारण वहां मस्जिद की मीनार कभी नहीं बन सकी और वुजू के लिए पानी का प्रबंध भी कभी ना हो सका।

सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान मैक्समूलर ने भी श्री नागेश्वरनाथ मंदिर के प्रति अपने विचार प्रकट करते हुए लिखा है कि- ह्यइस मंदिर पर नामालूम कितनी आंधियां और भयंकर तूफान आए परंतु यह सबको बर्दाश्त करता हुआ अपने स्थान पर अडिग और अचल खड़ा है।ह्ल महाराज विक्रमादित्य ने जब अयोध्या की पुनः खोज की तो सबसे पहले इसी स्थान का पता लगा। जनश्रुति के अनुसार महाकवि कालिदास को ह्यस्त्रीयोनिह्ल में जन्म लेने का श्राप यहीं से मिला था। डाउसन के अनुसार महाराजा विक्रमादित्य ने 240 नये मंदिर बनवाये और 60 का जीर्णोद्धार किया। शुभशील के पंचशती बोध में महाराजा विक्रमादित्य द्वारा अयोध्या में उत्खनन कर चर्मकार स्त्री की स्वर्णजरी की जूतियां अन्वेषण की कथा है। अयोध्या दर्शन (गीता प्रेस, गोरखपुर, पृष्ठ 98-99) के अनुसार महाराजा विक्रमादित्य द्वारा निर्मित प्राचीन मंदिरों में हैं-

**1. श्रीरामजन्म भूमि मंदिर**

श्रीराम जन्म स्थान पर कसौटी पत्थर के 84 स्तंभों और सात कलश वाला मंदिर महाराजा विक्रमादित्य ने बनवाया था। जिसे 1528 ई. में मुगल बादशाह बाबर के सेनापति मीर बांकी ने ध्वस्त कर दिया था। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा किये गये उत्खनन में वहां हिन्दू देवी-देवताओं की मूर्तियां, प्रतीक और स्तंभ प्राप्त हुए हैं, जिसके आधार पर वहां एक भव्य मंदिर था, इस बात की पुष्टि हुई है।

**2. कनक भवन**

अयोध्या राजवंश के पराभव के बाद कनक भवन भी जर्जर होकर ढह गया। सोने का यह महल माता कैकेयी ने सीताजी को मुंह दिखाई में दिया था। यह श्रीराम-जानकी का विहारस्थल है। महाराजा विक्रमादित्य ने 57 ई.पू. में कनक भवन का पुनर्निर्माण कराया। उसे लगभग 11वीं शती ई. में यवनों ने ध्वस्त कर दिया। वर्तमान कनक भवन का निर्माण ओरछा नरेश सवाई महेन्द्र श्रीप्रताप सिंह की धर्मपत्नी महारानी वृषभानुकुंवरि द्वारा सन् 1891ई. में करवाया।

**3. रत्नसिंहासन मंदिर**

जन्मस्थान के पास रत्न मंडप ही रत्न सिंहासन मंदिर है। यहां भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ था। कनक भवन के निकट यह दक्षिण में है। यहां विक्रमादित्य कालीन तीन मूर्तियां हैं। दुर्भाग्य से यह स्थान अपनी स्वतंत्र पहचान खोता जा रहा है।

**4. लक्ष्मण मंदिर, सहस्त्रधारा तीर्थ**

सहस्त्रधारा तीर्थ (लक्ष्मण घाट पर) लक्ष्मण जी के शरीर छोड़ने के स्थान पर बना मंदिर है। यहां रामाज्ञा से श्री लक्ष्मणजी शरीर छोड़कर परमधाम पधारे थे। यहां मंदिर में शेषावतार लक्ष्मणजी की 5 फुट ऊंची चतुर्भुज मूर्ति है। यह मूर्ति सामने कुंड में पायी गयी थी। लक्ष्मण घाट पर यह मंदिर लक्ष्मण किला के निकट स्थित है। नागपंचमी एवं पूरे वैशाख मास में यहां विशेष भीड़ रहती है।

**5. बड़ी देवकाली (शीतलादेवी दुगार्कुण्ड पर)**

इन्हें भगवान श्रीरामचंद्रजी की कुलदेवी कहा जाता है। द्वापर युग में सूर्यवंशी महाराज सुदर्शन द्वारा यहां एक मंदिर की स्थापना की गई। कालांतर में महाराजा विक्रमादित्य ने शालग्राम शिलामय की त्रिदेवियों की स्थापना की गयी। यहां एक ही शिला में महाकाली, महालक्ष्मी एवं महासरस्वती शक्तियंत्र सहित अंकित है। अयोध्या के इस आदिशक्तिपीठ पर आज भी अयोध्यावासी बड़ी श्रद्धा रखते हैं। यहां एक जल से परिपूर्ण सरोवर (कुंड) भी है। 2002 ई. में मंदिर एवं सरोवर का जीर्णोद्धार किया गया है। यह फैजाबाद चौक से आग्नेय (दक्षिण पूर्व) कोण में स्थित है।

**6. छोटी देवकाली गिरिजा (ईशान देवी) मंदिर**

इस विग्रह की स्थापना त्रेतायुग में श्री सीताजी द्वारा की गई थी जिसे वे अपने साथ जनकपुर से लायी थीं। यह स्थान मत्तगजेन्द्र चौराहे के पास सप्तसागर के निकट अयोध्या में ही है। (पृष्ठ-98-99) वर्ष 2019 में उच्चतम न्यायालय का फैसला आया। तदनुसार श्रीरामजन्म भूमि पक्ष की ओर से कहा गया था कि उस स्थान पर महाराजा विक्रमादित्य के समय से एक मंदिर था। (पृष्ठ-81) उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने इसकी खोज कर इसे (अयोध्या) पुनः बसाया। (पृष्ठ-92) महाराजा विक्रमादित्य ने अयोध्या की पुनः खोज की तो सर्वप्रथम नागेश्वर मंदिर मिला। (पृष्ठ-75) एक कथानुसार महाकवि कालिदास को स्त्री योनि में जन्म लेने का श्राप यहीं से मिला था। (पृष्ठ-45-46) डॉ. श्रीराम अवतार ह्यश्रीराम जन्मभूमिः अयोध्या का इतिहास मेंह्ल लिखते हैं कि सात मोक्षदायिनी नगरियों में प्रथम नगरी अयोध्या सतयुग में महाराज मनु ने बसायी थी। सरयू नदी के किनारे बसी यह नगरी 12 योजन (144 किलोमीटर) लंबी तथा 3 योजन (36 किलोमीटर) चौड़ी थी। चक्रवर्ती सम्राट दशरथ जी ने इसे विशेष रूप से बसाया था। इसमें सभी प्रकार के बाजार थे। इसकी रक्षा खाइयों, किवाड़ों और शताघ्नियों से होती थी। महाराज इक्ष्वाकु, अनरण्य, मान्धाता, प्रसेनजित, भरत, सगर, अंशुमान, दिलीप, भगीरथ, ककुत्थ्य, रघु, अम्बरीष जैसे सम्राटों की यह राजधानी रही। श्रीरामजी की आज्ञा से इसके प्रधान देवता हनुमानजी हैं। वे लिखते हैं कि श्रीराम के परमधाम पधारने पर यह नगरी जनशून्य हो गई थी। तब महाराज कुश ने इसे पुनः बसाया था। यह पावन नगरी जब पुनः लुप्त हो गई तब लगभग 2500 वर्ष पूर्व उज्जयिनी के सम्राट विक्रमादित्य ने इसकी खोज कर इसे पुनः बसाया। 1525 ई. में बाबर के मीर बांकी ने यहां के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की रक्षा के लिए संघर्ष का इतिहास काफी लंबा है। लेखक के अनुसार बाबर के पुत्र हुमायूं के शासनकाल में हसवर के स्वर्गीय राजा रणविजय सिंह की महारानी जयकुमारी ने तीस हजार स्त्री सैनिकों के साथ मंदिर पर पुनः अधिकार प्राप्त कर लिया था। उनके गुरु स्वामी रामेश्वरानंद ने हिन्दू-जागरण किया। किंतु तीसरे दिन हुमायूं की सेना आ गयी और पुनः मुसलमानों का कब्जा हुआ। अकबर के समय में हिन्दुओं ने बीस बार आक्रमण किये किन्तु 19 बार असफल रहे। 20वें प्रयास में रानी और उनके गुरु बलिदान हो गये। किंतु हिन्दुओं ने चबूतरे पर कब्जा कर राममंदिर बनाया। जहांगीर एवं शाहजहां के समय में शांति रही। औरंगजेब ने जांबाज के नेतृत्व में सेना भेजी, पर स्वामी वैष्णवदास के दस हजार चिमटाधारी साधुओं ने रेलवे के सोहावल स्टेशन के निकट अपना पड़ाव डाला था। खिलजी के आक्रमण से मंदिर का बाहरी भाग तो ध्वस्त हो गया किंतु जब मुख्य भाग पर उसने आक्रमण किया, उस समय स्थानीय जनता ने ठाकुर परशुराम सिंह तथा श्री गणराज सिंह के नेतृत्व में आक्रमणकारियों से डटकर लोहा लिया। अंत में आततायों को बुरी तरह यहां हारना पड़ा। तीसरा बड़ा आक्रमण इस मंदिर पर औरंगजेब का हुआ। उसने नागेश्वर मंदिर के निकटस्थ अहिल्याबाई घाट पर स्थित श्रीत्रेतानाथ के मंदिर को ध्वस्त कर उस स्थान पर विशाल मस्जिद खड़ी कर दी, जो आज भी टूटी-फूटी अवस्था में खड़ी है। इस संबंध में हैमिल्टन नामक विद्वान ने अपनी पुस्तक ह्यवॉकिंग ऑफ द वर्ल्डह्ल में लिखा है-ह्यमुसलमानी शासनकाल में अयोध्या के प्रसिद्ध नागेश्वरनाथ के मंदिर को गिराकर वहां मस्जिद खड़ी करने के विचार से दो बार आक्रमण किये गये, मगर वे नाकामयाब रहे। अयोध्या के इस अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर के संबंध में पाश्चात्य इतिहासकार रैमिन्टन, कर्निंघम, जार्ज विलियम रेनॉल्ड्स, विसेंट स्मिथ, मैक्स मूलर, बेवर, लूथर, वूलर, हण्ट, सिटनी, ह्विटमैन, बिल्फ्रेड, एच. इलियेट, सर जॉन फ्रांकिक के अतिरिक्त भारतीय विद्वान श्री भंडारकर प्रभृति ने बहुमूल्य ऐतिहासिक तथ्य, संस्मरण एवं जानकारी पूर्ण उद्गार प्रस्तुत किये हैं। जिनसे नागेश्वरनाथ मंदिर के इतिहास एवं गौरवशाली अतीत के बारे में पर्याप्त जानकारियां मिलती हैं।

# केरल में हत्या की राजनीति

**पी. श्रीकुमारन**

पिनराई विजयन के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) ने अपना काम शुरू कर दिया है। हिंसा पर सख्ती से रोक लगाने के मुख्यमंत्री के आह्वान से अच्छी शुरूआत हुई है। यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य में सांप्रदायिक ताकतों का वर्चस्व न हो। यह देखने के लिए कि राज्य शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का क्षेत्र बना रहे, राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी दलों को एक बड़ी भूमिका निभानी है। साम्प्रदायिक सौहार्द्र खतरे में है। इसे राज्य के आदेश पर पूरी ताकत से बचाव करना होगा। यही समय की मांग है। दोनों हत्याएं अलाप्पुझा जिले में हुई हैं। सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के राज्य सचिव के एस शान की शनिवार रात एक गिरोह ने हत्या कर दी थी, वहीं बीजेपी के ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव रंजीत श्रीनिवासन की उनके घर पर उनकी मां के सामने हत्या कर दी गई। जिला पुलिस का कहना है कि हत्याएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। यह दशार्ता है कि यह जवाबी कार्रवाई हो सकती है। पुलिस एसडीपीआई और आरएसएस कार्यकताओं सहित 50 लोगों को पहले ही हिरासत में ले चुकी है। दोहरे हत्याकांड से उत्पन्न अस्थिर स्थिति को देखते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। एक के बाद एक हुई राजनीतिक हत्याओं ने पुलिस को राज्य भर में सुरक्षा कड़ी करने के लिए मजबूर कर दिया है। 534 पुलिस थानों में से 140 थानों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जहां सांप्रदायिक और राजनीतिक हिंसा की घटनाएं हुई हैं। हिंसा में नवीनतम वृद्धि का निकटतम कारण आरएसएस के संदिग्ध कार्यकताओं द्वारा एसडीपीआई के राज्य सचिव के एस शान की हत्या है। घटना के तुरंत बाद, भाजपा के ओबीसी राज्य मोर्चा के सचिव रंजीत श्रीनिवासन की संदिग्ध एसडीपीआई कार्यकताओं ने हत्या कर दी।

उल्लेखनीय है कि अलाप्पुझा जिला वर्षों से राजनीतिक हिंसा से मुक्त रहा है। इसलिए दोहरे हत्याकांड ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। एसडीपीआई और आरएसएस दोनों का जिले में प्रभाव क्षेत्र है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस साल फरवरी में इलाके में एक आरएसएस कार्यकर्ता की हत्या से हिंसा की शुरूआत हुई थी। एसडीपीआई और आरएसएस के बीच समय-समय पर जिले के वायलार, मन्नानचेरी, कायमकुलम और चारमुद जैसे इलाकों में झड़पें होती रही हैं। हिंसा में अचानक आई तेजी को एसडीपीआई और पीएफआई जैसी कट्टरपंथी ताकतों के प्रभाव में वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। अब तक राजनीतिक हिंसा केवल कन्नूर जिले तक ही सीमित रही है। आश्चर्य की बात यह है कि कन्नूर अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा है, लेकिन अलाप्पुझा जिले में हिंसा भड़क उठी है। एलडीएफ सरकार के लिए इससे बुरे समय में हिंसा नहीं आ सकती थी। सरकार और माकपा कासरगोड जिले में पेरिया हत्याकांड के सिलसिले में पार्टी के एक पूर्व विधायक की गिरफ्तारी के प्रभाव को खत्म करने के लिए संघर्ष कर रही है।

लेकिन मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने पुलिस को सख्त कार्रवाई का आदेश देकर सही काम किया है। और यह खुशी की बात है कि पुलिस पहले ही हरकत में आ गई है। जबकि केरल में राजनीतिक हिंसा कोई नई बात नहीं है, जो गंभीर चिंता का कारण है, वह है कट्टरपंथी ताकतों की बढ़ती प्रवृत्ति जैसे कि पलक झपकते हिंसा करना। यह बेहद चिंताजनक है कि एसडीपीआई और पीएफआई जैसे संगठन जवाबी हत्याओं की आरएसएस शैली का अनुकरण कर रहे हैं। यदि राज्य को और अधिक राजनीतिक हत्याओं से बचना है तो यह एक खतरनाक प्रवृत्ति है जिसे शुरू में ही समाप्त करने की आवश्यकता है। सच ही कहा जाता है कि अल्पसंख्यक सांप्रदायिकता और बहुसंख्यक सांप्रदायिकता दोनों एक दूसरे का पोषण करते हैं। एक समान रूप से परेशान करने वाली प्रवृत्ति इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) जैसे राजनीतिक दलों द्वारा हिंसा के लिए खुले तौर पर उकसाने की प्रवृत्ति है। वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों को लोक सेवा आयोग को सौंपने के कदम के विरोध में कोझिकोड में हाल ही में लीग की रैली में धार्मिक भावनाओं को भड़काने और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भड़काऊ भाषण किए गए। इसने आईयूएमएल पर एसडीपीआई, जमात और पीएफआई जैसी चरमपंथी ताकतों की कड़ी पकड़ को उजागर किया। खुद को बचाए रखने के लिए, आईयूएमएल ने इन कट्टरपंथी ताकतों की भाषा बोलना शुरू कर दिया है, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र के ताने-बाने को प्रभावित कर सकती हैं, जिसके लिए राज्य जाना जाता है। पिनराई विजयन के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) ने अपना काम शुरू कर दिया है। हिंसा पर सख्ती से रोक लगाने के मुख्यमंत्री के आह्वान से अच्छी शुरूआत हुई है। यह सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य में सांप्रदायिक ताकतों का वर्चस्व न हो। यह देखने के लिए कि राज्य शांति और सांप्रदायिक सद्भाव का क्षेत्र बना रहे, राजनीतिक स्पेक्ट्रम के सभी दलों को एक बड़ी भूमिका निभानी है। साम्प्रदायिक सौहार्द्र खतरे में है। इसे राज्य के आदेश पर पूरी ताकत से बचाव करना होगा। यही समय की मांग है।

# दोगुनी रफ्तार से बढ़ता ओमिक्रोन

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

जिस तरह कोरोना के नए वेरिएंट ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया है, वह चिंता का बड़ा कारण बनता जा रहा है। शुरूआत में इसके संक्रमण से लोगों की मौत नहीं हो रही थी, जिससे उम्मीद बंधी थी कि यह अपना मामूली असर दिखा कर खत्म हो जाएगा लेकिन यह गलत निकला। जिस तरह इसने असर दिखाना शुरू कर दिया है, उससे विशेषज्ञों की चिंताएं बढ़ गयी हैं। अफ्रीका से चला ओमिक्रोन लगभग एक माह में दुनिया के 91 देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। तेजी से फैलने वाले इस वेरिएंट को लेकर विशेषज्ञों की मानें तो सख्ती नहीं होने पर क्रिसमस तक इंग्लैंड में प्रतिदिन चार लाख संक्रमित आने लगेंगे। इंग्लैंड तो एक उदाहरण है। दुनिया के लगभग सभी देशों में ओमिक्रोन के दूने संक्रमित आने लगे हैं। न्यूयार्क में पहले ही कर्फ्यू लगाया जा चुका है। दुनिया के देशों में अधिकांश जगह हवाई यात्रा खासतौर से अफ्रीका से आने वाली फ्लाइट पर रोक लग चुकी है। यूरोप के अनेक देशों में हालात बिगड़ रहे हैं तो कोरोना की दूसरी लहर जैसे हालात का डर सताने लगा है। यही कारण है कि कई देश लॉकडाउन जैसे अप्रिय पर जरूरी प्रतिबंधों की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। भारत में भी कोरोना के मामलों में तेजी आई है। ओमिक्रोन का संक्रमण अब हमारे देश में भी इकाई-दहाई की संख्या को पार कर चुका है। दरअसल, कोरोना को लेकर जितने कयास लगाए जा रहे थे सभी निर्मूल सिद्ध हुए। जब 2019 में कोरोना संक्रमण शुरू हुआ तो यह माना जाने लगा कि गर्मियां आते यह अपने आप खत्म हो जाएगा पर ऐसा हुआ नहीं बल्कि 2020 में भयावह दूसरी लहर का हमारे देश सहित दुनिया के देशों ने कहर भुगता। चिकित्सा विज्ञानी पहले ही तीसरी लहर की आशंका व्यक्त कर चुके हैं। एक ओर सरकारें व्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करती हैं तो थोड़ी-सी ढील ही परेशानी का कारण बन जाती है। यूरोपीय देशों में कोरोना प्रोटोकाल प्रतिबंध हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन हो रहे हैं तो अमेरिका जैसे देश में भी सैनिकों के एक वर्ग द्वारा वैक्सीन लगवाने से ही इनकार किया जा रहा है। हालांकि अब अमेरिकी सरकार ऐसे सैनिकों के खिलाफ कार्रवाई का मन बना चुकी है।

यही हाल कोरोना प्रोटोकॉल के पालन का है। सड़कों या बाजारों में सही तरीके से मास्क लगाए गिने-चुने लोग ही दिखाई देते हैं। दो गज दूरी की बात बेमानी बनकर रह गयी है। ऐसे में कोरोना का कोई वेरियंट हो उससे बच पाना मुश्किल है। चिंता की बात यह है कि ओमिक्रोन, वैक्सीन की दोनों डोज लेने वालों को भी नहीं बख्श रहा है। ऐसे में बूस्टर डोज की बात कही जाने लगी है। शुरू में माना जा रहा था कि कोरोना का प्रकोप अधिक दिनों नहीं चलेगा पर देखते-देखते दो साल में दुनिया के देश इसके पांच वेरिएंट से रूबरू हो चुके हैं। सितंबर 2020 में इंग्लैंड में अल्फा, मई 2020 में दक्षिण अफ्रीका में बीटा, नवंबर 2020 में ब्राजील में गामा, अक्टूबर 2020 में भारत में डेल्टा और अब ओमिक्रोन ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। वायरस की जीनोमिक संरचना में बदलाव होकर यह नए वेरिएंट का रूप ले लेता है। दरअसल यह मौसम कोरोना खासतौर से नए वेरिएंट ओमिक्रोन के लिए अधिक अनुकूल है। सर्दी में वायरस अधिक सक्रिय हो जाते हैं। यह तो कोरोना काल है नहीं तो वैसे भी सर्दियों में सर्दी-जुकाम का असर सबसे ज्यादा देखा जाता है। सर्दी-जुकाम वालों को कोरोना या यों कहें कि ओमिक्रोन जल्दी संक्रमित कर देता है, यही कारण है कि यूरोप में ओमिक्रोन का तेजी से फैलाव हुआ है। अब क्रिसमस और नया साल का जश्न सामने हैं तो हमारे यहां अभी शादियों का सीजन निकला ही है।

# शिक्षा सुधार है रोजगार की कुंजी

**भरत झुनझुनवाला**

केद्र सरकार का कहना है 2018 में प्रॉविडेंट फंड की सदस्यता लेने वाले श्रमिकों में 70 लाख की वृद्धि हुई है। लेकिन प्रॉविडेंट फंड की सदस्यता में वृद्धि और रोजगार में वृद्धि दो अलग-अलग बाते हैं। 2018 का समय नोटबंदी और जीएसटी का था। इन नीतियों के कारण छोटे उद्योग कम हुए थे और बड़े उद्योग बढ़े थे। छोटे उद्योग ही ज्यादा रोजगार बनाते थे। इसलिए यदि छोटे उद्योगों में 100 कर्मी बेरोजगार हुए तो हम मान सकते हैं कि बड़े उद्योगों में 50 रोजगार बने होंगे। कुछ रोजगार में 50 की गिरावट आई। लेकिन जिन 50 को रोजगार मिला वे प्रॉविडेंट फण्ड के सदस्य बने चूंकि वे बड़े उद्योगों में कार्यरत थे इसलिए प्रॉविडेंट फण्ड की सदस्यता में 50 सदस्यों की वृद्धि हुई जबकि साथ-साथ कुल रोजगार में 50 श्रमिकों की गिरावट आई। इसीलिए केंद्र सरकार द्वारा की गई सामयिक श्रम सर्वे में कहा गया कि 2012 एवं 2018 के बीच अपने देश में शहरी बेरोजगारी में तीन गुना वृद्धि हुई है। और गम्भीर विषय यह है कि यदि मान भी लें कि 2018 में 70 लाख नये रोजगार बने तो भी बेरोजगारी की समस्या का निदान नहीं होता है क्योंकि अपने देश में हर वर्ष 120 लाख नये युवा श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। इनमें से यदि 70 लाख को रोजगार मिल भी गए तो भी 50 लाख युवा बेरोजगार ही रह जायेंगे। समस्या के गंभीर होने के दूसरे संकेत उपलब्ध हैं। केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई उपरोक्त सामयिक श्रम सर्वे के अनुसार 2012 से 2018 के बीच शहरी बेरोजगारी की दर में 3 गुना वृद्धि हुई है। इसी सर्वे के अनुसार 2018 में अपने देश में 15 से 24 वर्ष के लोगों में 28.5 प्रतिशत बेरोजगार थे जो कि विश्व की प्रमुख अर्थ व्यवस्थाओं में अधिकतम था। इसी सर्वे के अनुसार 2012 से 2018 के बीच वेतन में भी गिरावट आई है। जैसे मान लीजिये आपका 2012 में वेतन 100 रुपये प्रति दिन था। वृद्धि हुई और 2018 में आपका वेतन 110 रुपये प्रतिदिन हो गया। वेतन में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। लेकिन मान लीजिये इसी अवधि में जो टॉफी 2012 में 1 रुपये में मिलती थी वह 2018 में 1.50 रुपये में मिलने लगी। ऐसा हुआ तो आपके वास्तविक वेतन में कटौती हुई। 2012 में आप एक दिन के वेतन में 100 टॉफी खरीद सकते थे। 2018 में एक दिन के वेतन में आपको केवल 55 टॉफी मिलेंगी चूंकि वेतन में वृद्धि कम और टॉफी के दाम में वृद्धि ज्यादा हुई है। इसलिए केंद्र सरकार द्वारा की गई सर्वे में कहा गया कि 2012से 2018 के बीच वास्तविक वेतन में 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। अतः बेरोजगारी की समस्या को झुठलाने से काम नहीं चलेगा। इसके मूल कारणों का निवारण करना होगा। बेरोजगारी की समस्या का प्रमुख कारण तकनीकी बदलाव है।

जैसे पूर्व में बैंक में खाते क्लर्कों द्वारा रखे जाते थे। अब यह कार्य कम्प्यूटर से होने लगा है। बैंक की कई शाखाओं में केवल दो या तीन कर्मी काम करते हैं। कम्प्यूटर ने श्रमिकों की जरूरत को कम कर दिया है। लेकिन साथ-साथ बैंकों का प्रसार बढ़ा है और शाखाओं की संख्या बढ़ी है। इनमें नये रोजगार उत्पन्न हुए हैं। इतिहास पर गौर करें तो किसी समय यातायात का प्रमुख साधन घोड़ा गाड़ी हुआ करती थी। इसके बाद कार का आविष्कार हुआ जिसके कारण घोड़ा गाड़ी चलाने वाले बेरोजगार हो गये। लेकिन कार के चलन का विस्तार हुआ इनके उत्पादन और मरम्मत में नये रोजगार बने। इनके लिए सड़क और फ्लाईओवर बनाने में भी रोजगार बने। इसलिए घोड़ा गाड़ी में रोजगार में गिरावट के बावजूद यातायात क्षेत्र में कुल रोजगार बढ़े। वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का खतरा हमारे सामने है। तमाम कार्य जैसे हड्डी में फ्रैक्चर को पहचानना अथवा खून के रुग की जांच करना अब कम्प्यूटर द्वारा किये जाने लगे हैं। ऐसा होने से रेडियोलाजिस्ट और पैथोलाजिस्ट के रोजगार पर संकट आने को है। लेकिन जिस प्रकार घोड़ा गाड़ी के समाप्त होने के बावजूद कार के चलन से कुल रोजगार में वृद्धि हुई; उसी प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से तमाम नये उत्पाद बन सकते हैं जैसे आपके मनपसन्द प्लाट का सिनेमा बनाना अथवा वीडियो मिक्स करना इत्यादि। अतः हमें अपने युवाओं को रोजगारों की इन नई संभावनाओं को पकड़ने को प्रशिक्षित करना होगा।

यहां प्रमुख समस्या हमारी शिक्षा व्यवस्था की है। वर्तमान में युवाओं का रुझान सरकारी नौकरियों की तरफ बना हुआ है, बावजूद इसके कि सरकारी नौकरियों की संख्या में कमी आई है। लेकिन सामान्य शिक्षा वाले प्राइमरी सरकारी स्कूल के टीचर को आज 50 से 70 हजार रुपये प्रति माह मिलता है जबकि एक ट्रेंड नर्स अथवा डाटा इंट्री आपरेटर को बमुश्किल 15 हजार रुपये प्रतिमाह मिलता है। इसलिए युवाओं को नर्स अथवा डाटा इंट्री आपरेटर की क्षमता हासिल करने में रुचि नहीं है। उनका पूरा ध्यान सरकारी नौकरी हासिल करने की तरफ मात्र रहता है। वास्तविक 'शिक्षा' ग्रहण करने में उनकी रुचि नहीं है। सरकार को चाहिए कि सरकारी कर्मियों और साधारण नागरिकों जैसे नर्स के वेतन के बीच संतुलन स्थापित करे जिससे सरकारी नौकरी का मोह कम हो और हमारे युवा सच्ची पढ़ाई पर ध्यान दें। इस दिशा में सरकार को प्राइमरी स्तर पर ही अंग्रेजी भाषा और कम्प्यूटर शिक्षा को अनिवार्य कर देना चाहिए जिससे कि युवा आने वाले समय में कम्प्यूटर आधारित रोजगार जैसे पुस्तकों का अनुवाद करना अथवा वीडियो मिक्स करना जैसे कार्यों को स्वयं कर सकें और अपनी जीविका अर्जित कर सकें। हमें इस चिंता में नहीं रहना चाहिए कि अंग्रेजी को अपनाने से हमारी संस्कृति की हानि होगी।

# केन विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर, टॉम लाथम को बनाया गया कप्तान

## एजाज पटेल को भी नहीं मिली टीम में जगह



**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले न्यूजीलैंड को तगड़ा झटका लगा है। केन विलियमसन बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर गए हैं। उनकी जगह टॉम लाथम को कीवी टीम का नया कप्तान बनाया गया है। न्यूजीलैंड ने 13 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। एजाज पटेल को टीम में शामिल नहीं किया गया है। एजाज ने भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में एक पारी में 10 विकेट लेकर तहलका मचा दिया था। केन विलियमसन कोहली की चोट की वजह से बाहर हैं। ये पहली बार होगा कि जब टॉम लाथम पूरी सीरीज के लिए कीवी टीम की कप्तानी करेंगे। भारत के खिलाफ मुंबई टेस्ट में उन्होंने पहली बार कीवी टीम की कमान संभाली थी। केन विलियमसन ने कानपुर में भारत के खिलाफ खेले अपने पिछले टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 42 रन बनाए थे। कीवी टीम के हेड कोच गैरी स्टीड ने कहा, 'घर वापस आकर और जिन स्थानों पर हम अच्छी तरह से जानते हैं, और जहां हमें हाल के दिनों में सफलता मिली है, यहां आना बहुत अच्छा है।' उन्होंने आगे कहा कि ये स्पष्ट तौर पर निराशाजनक है कि केन इस सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं है, जैसा कि हमने भारत में देखा वो रेस्ट कर रहे हैं। इसके बाद वो रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। डेवोन कॉनवे की टीम में वापसी हुई है। इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सेमीफाइनल में उनके हाथ में चोट की वजह से वो कुछ हफ्तों तक टीम से अलग रहे। ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी की टीम मे वापसी हुई है। इन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में रेस्ट दिया गया था। टेस्ट सीरीज की शुरूआत 1 जनवरी से बे ओवल में होगी, जबकि दूसरा टेस्ट मैच 9 जनवरी से हेगले ओवल में खेला जाएगा।

टॉम लाथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, मैट हेनरी, काइल जेमिसन, डेरिल मिचेल, हेनरी निकोल्स, रचिन रवींद्र, टिम साउदी, रॉस टेलर, नील वैगनर, विल यंग।

## सौरव गांगुली पर भड़के भारत के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर, बोले- सिलेक्टर्स की जगह क्यों दिया खुद बयान



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने विराट कोहली से वनडे कप्तानी छीनने के बाद सौरव गांगुली ने जिस तरह से इस मामले को हैंडल किया, उससे काफी नाराज हैं। उनका मानना है कि इस विवाद पर सिलेक्टर्स की जगह सौरव गांगुली को आगे आकर बयान देने की जरूरत नहीं थी। दिलीप वेंगसरकर जो खुद ही पहले सिलेक्टर हो चुके हैं, उनका मानना है कि सिलेक्टर्स चीफ को इस मामले पर बयान देना चाहिए था। कोहली के इस खुलासे ने भारतीय क्रिकेट में घमासान मचा दिया था कि उन्हें 8 दिसंबर की मीटिंग में वनडे कप्तानी से हटाने के बारे में खबर मिली थी। खलीज टाइम्स को दिए इंटरव्यू में वेंगसकर ने कहा,' बात ये है कि सौरव गांगुली को सिलेक्शन कमेटी की जगह खुद सामने आकर बयान देने का कोई अधिकार नहीं था। गांगुली बीसीसीआई के अध्यक्ष हैं। टीम में चयन और कप्तानी के विवाद पर चीफ सिलेक्टर को सामने आकर बयान देना चाहिए।' गांगुली ने 9 दिसबंर को मीडिया से कहा कि उन्होंने और बीसीसीआई ने विराट कोहली ने टी-20 की कप्तानी नहीं छोड़ने का अनुरोध किया था। इसके उलट कोहली ने वर्चुअल कॉन्फ्रेंस में कहा कि उनसे कप्तानी छोड़ने को लेकर किसी ने कोई अनुरोध नहीं किया था।

पूर्व बल्लेबाज ने कहा,' गांगुली ने पूरे मामले पर अपनी राय रखी। जाहिर तौर पर विराट अपनी बात स्पष्ट करना चाहते थे। मेरा मानना है कि ये चयन समिति के अध्यक्ष और कप्तान के बीच का मामला था। चयन समिति द्वारा एक कप्तान को चुना या हटाया जाता है, ये गांगुली के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।' जिस तरह से इस पूरे मामले को हैंडल को किया गया वेंगसरकर ने उस पर हैरानी जताई। विराट ने भारतीय क्रिकेट और अपने देश के लिए अहम योगदान दिया है और वो एक बेहतर विदाई के हकदार थे।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग: ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन बने नंबर वन बल्लेबाज, विराट कोहली को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बुधवार को टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग ताजा रैंकिंग जारी की। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के कप्तान जो रूट को पीछे छोड़कर पहला स्थान हासिल किया। मार्नस लाबुशेन के 912 प्वॉइंट है, जो उनके टेस्ट करियर का करियर के बेस्ट प्वॉइंट हैं।

जो रूट के 897 प्वॉइंट हैं और वो दूसरे नंबर नंबर पर खिसक गए हैं। एशेज सीरीज से पहले लाबुशेन चौथे नंबर पर हैं। ब्रिसबेन टेस्ट के बाद में वो दूसरे नंबर पर आ गए थे। ब्रिसबेन में लाबुशेन ने 74 रन बनाए थे। एडिलेड टेस्ट में उन्होंने 103 और 51 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। इंग्लैंड को एडिलेड टेस्ट में 275 रनों से हराकर ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज में 2-0 से आगे चल रही है। भारत के बल्लेबाजों की बात करें तो रोहित शर्मा 5वें स्थान पर बने हुए हैं। टीम इंडिया के टेस्ट कप्तान विराट कोहली सातवें स्थान पर खिसक गए हैं। उनके सातवें 756 प्वॉइंट हैं। उनसे ऊपर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज डेविड वॉर्नर हैं। उनके 775 प्वॉइंट हैं। वॉर्नर का एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन रहा है। एडिलेड टेस्ट की पहली पारी में उन्होंने 95 रन बनाए थे।

## जहीर खान ने बताया, कौन से भारतीय तेज गेंदबाज को खेलने में दुनिया भर के बल्लेबाजों को होती है मुश्किल

**नईदिल्ली।** भारतीय टीम इस समय साउथ अफ्रीका के दौरे में है। दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी उच्च स्तर की है। उन्होंने कहा कि भारतीय पेस बैटरी एक टेस्ट मैच में विरोधी टीम के 20 विकेट गिराने में पूरी तरह से सक्षम है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। उनके अलावा भारतीय टीम में मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, इशांत शर्मा और शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज के तौर पर टीम के साथ है। जहीर खान ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा,'वे( भारतीय तेज गेंदबाज) निश्चित रूप से प्रत्येक टेस्ट में 20 विकेट लेने के लिए काफी अच्छे हैं। वे पूरी दुनिया में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। यह एक अच्छा, संतुलित आक्रमण है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमारे पास तेज गेंदबाजी में पर्याप्त विविधता है। हमारे पास इशांत शर्मा जैसा लंबा गेंदबाज है जो अतिरिक्त उछाल हासिल कर सकता है। मोहम्मद शमी है जो गेंद को दोनों तरफ मूव करा सकता है। इसके बाद हमारे पास जसप्रीत बुमराह है, जो वास्तव में विश्व स्तरीय है और उसने अपनी तेज गेंदबाजीं और चालाकी से बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं।'

## पीसीबी चीफ रमीज राजा ने कहा, यासिर शाह की वजह से पाकिस्तान क्रिकेट हुआ बदनाम



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा ने बुधवार को कहा कि टेस्ट लेग स्पिनर यासिर शाह से जुड़े प्रकरण के कारण पाकिस्तान क्रिकेट का नाम बदनाम हुआ है। दो दिन पहले इस्लामाबाद के शालीमार पुलिस स्टेशन में एक कपल ने प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराई जिसमें यासिर शाह का भी नाम है। कपल ने आरोप लगाया है कि इस क्रिकेटर ने अपने दोस्त की मदद की जबकि उसे पता था कि उसने उनकी 14 साल की भतीजी से बलात्कार किया है और उसका वीडियो बनाया है। रमीज ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'इसमें कोई सोचने वाली बात नहीं है कि यासिर इंटरनेशनल क्रिकेटर है और हम इन खिलाड़ियों को ट्रेनिंग और शिक्षित करते हैं कि उनकी भूमिका खेल के दूत की है और उन्हें पता होना चाहिए कि उन्हें किसके साथ और कब कैसा व्यवहार करना चाहिए।' एफआईआर में कहा गया है कि जब पति-पत्नी मदद के लिए यासिर के पास गए तो उसने हंसकर उन्हें भगा दिया, पूरी घटना का मजाक बनाया, उन्हें और उनकी भतीजी को जान से मारने की धमकी दी। साथ ही कहा कि वह अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके उन्हें अदालत में घसीटेगा। यासिर और उसका दोस्त फरहान गायब हैं और इस मामले में पुलिस अब भी उनकी तलाश कर रही है।

## टीकाकरण मे लापरवाही करने वाले प्रभारी चिकित्सक का वेतन रोका जाये : डीएम



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

**मैनपुरी।** कोविड 19 से बचाव हेतु संचालित प्रभारी चिकित्सक अधिकारी सुल्तानगंज का वेतन रोकते हुए चेतावनी जारी कर चिकित्सक अधिकारी वेवर ,कुचेला, किसनी को कारण बताओ ओर निर्देश दिए कि जिला अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक मे उपस्थित चिकित्सक अधिकारीगण को हिदायत देते हुए कहा कि सभी केन्द्रो पर टीकाकरण से वंचित व्यक्तियो कि ड्यू लिस्ट तैयार कर राशन डीलर ,प्रधान, सचिव ,लेखपाल का सहयोग लेकर टीकाकरण किया जाना चाहिए। 31 मार्च तक प्रत्येक व्यक्त को प्रथम डोज प्रतिरक्षित किया जाना चाहिए आशा ,ए एन एम ,संघिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्री लोगो को प्रेरित कर टीकाकरण कराये। उन्होने ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरनाहल, घिरोर ,जागीर मे निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 90 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण कराये जाने के उपलक्ष्य मे प्रशंसा करते हुए कहा कि अन्य चिकित्सक अधिकारीगण इनसे प्रेरणा ले ओर जल्द से जल्द टीकाकरण कर सफल बनाए।

उन्होने असन्तोष जनक बात करते हुए कहा कि गत मे माह तक जनपद मे टीकाकरण की प्रगति सन्तोष जनक थी लेकिन विगत 15 दिनो से टीकाकरण की प्रगति खराब हुई हे जिस कारण से मंडल मे जनपद पहले स्थान पर थी वो अब तीसरे स्थान पर चली गई जो यह चिन्ता का विषय बन गया हे ।

# अखिलेश की विजय रथ यात्रा में उमड़ी लाखों की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**मैंनपुरी।** विधान सभा चुनाव नजदीकियां पकड़ने लगा है। मंगलवार को आठवें चरण की विजय रथ यात्रा मैंनपुरी से एटा तक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने समाजवादी कार्यकताओ के साथ निकाली। जिसके दौरान लाखों युवाओं व कार्यकताओं की भीड़ मौजूद रही। मंगलवार को मैंनपुरी से एटा तक समाजवादी विजय रथ यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा निकाली गयी। जिसके दौरान लाखों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो प्रत्येक वर्ग का आदमी परेशान है, किसान परेशान है। किसानों को सरकार खाद्य बीज नही दे पा रही है। सरे आम जनता से सरकारी कार्यालयों में धन की उगायी की जा रही है। पुलिस अपनी मनमानी कर रही है। पीड़ितों को न्याय नही मिल पा रहा है ये शब्द पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने संबोधन के दौरान कहे। श्री यादव ने कहा 2022 में भाजपा को जड़ से खत्म करना है। और 2022 में समाजवादी पार्टी को लाना है। समाजवादी पार्टी के द्वारा सभी वर्गों का सम्मान किया जायेगा। दुर्व्यवहार किसी के साथ नही किया जायेगा। मैंनपुरी की सभी सीटों पर सपा का कब्जा रहेगा। जनता भारी बहुमत से समाजवादी को जितायेगी। जिसके फलस्वरूप कई जगह स्वागत हुये।

## समाजवादी ने ठाना है यूपी में परिवर्तन लाना है अखिलेश



मुलायम अखिलेश की लगी होर्डिंग अराजकतत्वों द्वारा फाड़ी हुई

**यहां हुये स्वागत समारोह**

महादेवा, कस्वा के पंजाब नेशनल बैंक के निकट, रवि होटल के सामने, जेपीएचपी पेट्रोल पंप, कल्यानपुर वार्डर पर समाजवादी कार्यकताओ के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

पीटीआई ढाबा पर अखिलेश के ऊपर महिलाओं ने बरसाये फूल

विजय रथ यात्रा के दौरान जीटी रोड स्थित खिरिया पीपल के निकट बने पीटीआई ढाबा पर पूर्व प्रधान रनवीर सिंह यादव ने सैकड़ो कार्यकताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को चांदी का मुकुट व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान एक सैकड़ा से अधिक पुरुष व महिलाएं मौजूद रही।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से**

## चारो सीटों पर सपा का रहेगा कब्जा: अखिलेश यादव

**पूर्व अखिलेश मुलायम के फोटो लगे होर्डिंग फटे**

समाजवादी विजय रथ यात्रा से पूर्व पूरे जिले में होर्डिंग व बैनरों से पाट दिया था। बीती रात्रि अराजकतत्वों के द्वारा कही स्थानों से होर्डिंग को फाड़ दिया गया। जिससे समाजवादियों में आक्रोश भी देखने को मिला।

**यहां फटे मुलायम अखिलेश के होर्डिंग**

मैंनपुरी तिराह, देवनागरी इंटर कॉलेज के निकट, ब्लाक के समीप, घिरोर तिराह, सरायलतीफ आदि जगहों पर मुलायम अखिलेश की फोटो लगी होर्डिंग को अज्ञात लोगों के द्वारा फाड़ दिया गया।

**एसडीएम ने संभाली सुरक्षा व्यवस्था की कमान**

एसडीएम नरेंद्र सिंह यादव ने मय पुलिसबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये। रथ यात्रा के दौरान भीड़ को काबू करने के लिए रूट को डायवर्ड किया। शहर में एक जगह भीड़ को एकत्र नही होने दिया गया। कदम कदम पर पुलिस के जबान मौजूद रहे। एसडीएम नरेंद्र सिंह पुलिसबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिये जीटी रोड पर लगातार दौरा करते रहे। इस मौके पर रनवीर सिंह प्रधान, कमल किशोर यादव, अनिल प्रधान, सतेंद्र यादव लखौरा, राजू यादव, प्रधान, अर्पण उर्फ आशू वर्मा, सुदेश वर्मा, सपा नगर अध्यक्ष रिजवान कुरैशी, राजू वर्मा, मुकीम खां, मनीष यादव मामा, करन बाल्मीकि, डॉ. मुन्ने खां, रामलड़ैते गुप्ता, डॉ. यासीन, गुड्डू यादव गुलाबपुर, दीपक यादव, रिंकू यादव, योगेश यादव, पंकज यादव, नीरज खिरिया, प्रवेश डीलर, दीपक यादव,सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के स्वागत किया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 15–11–2021 से दिनांक 25–11–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 28–11–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 28–11–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | धर्मेन्द्र के खेत से तालाब तक पक्की नाली कार्य | 1.5 लाख | 2 माह |
| 2. | उदयराज के घर से शोभा के घर तक पक्की नाली कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |
| 3. | मुकुन्द लाल के घर से लालता के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 3 माह |

कुसुम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

प्रीती शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दौली वि. ख. करछना, प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत चन्दौली विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01–12–2021 से दिनांक 07–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत चन्दौली में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 09–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 09–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राथमिक विद्यालय निबइया मझियारी में इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.99 लाख | 1 माह |

पत्रांक: मेमो/ग्रा. प. वि. अ./ टेण्डर/कोटेशन/2020–21/ दिनांक

अनिल कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चन्दौली
वि0 ख0 करछना, प्रयागराज।

अमित कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्दौली
वि0 ख0 करछना, प्रयागराज।

## म्यांमार की मदद को आगे आया भारत

### रेड क्रॉस सोसाइटी को सौंपी कोविड-19 टीकों की 10 लाख से अधिक खुराक

**नई दिल्ली।** राजनीतिक संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश म्यांमार के लोगों को उडश्क्क-19 के खिलाफ उनकी लड़ाई में समर्थन के लिए भारत ने मदद के हाथ बढ़ाए हैं। विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने बुधवार को म्यांमार रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधियों को 'मेड इन इंडिया' टीकों की 10 लाख खुराकें सौंपीं। म्यांमार में भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर ये जानकारी दी। श्रृंगला यहां दो दिवसीय यात्रा पर हैं। म्यांमार की सेना द्वारा 1 फरवरी को तख्तापलट में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई आंग सान सू की सरकार को अपदस्थ करने के बाद भारत की ओर से पहली बार कोई बड़ा अधिकारी उच्च-स्तरीय यात्रा पर गया है।

भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर कहा, ₹विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने म्यांमार रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रतिनिधियों को 'मेड इन इंडिया' टीके की 10 लाख खुराकें सौंपीं, ताकि म्यांमार के लोगों, जिनमें भारत-म्यांमार सीमा पर मौजूद लोग भी शामिल हैं, को उडश्क्क-19 के खिलाफ उनकी लड़ाई में समर्थन दिया जा सके।₹ अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान, श्रृंगला फरवरी में सत्ता पर कब्जा करने वाले जनरल मिन आंग हलिंग की अध्यक्षता वाली राज्य प्रशासन परिषद, राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के सदस्यों के साथ चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ₹म्यांमार को मानवीय समर्थन, सुरक्षा और भारत-म्यांमार सीमा संबंधी चिंताओं और म्यांमार की राजनीतिक स्थिति से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।₹ म्यांमार भारत के रणनीतिक पड़ोसियों में से एक है और यह उग्रवाद प्रभावित नागालैंड और मणिपुर सहित कई पूर्वोत्तर राज्यों के साथ 1,640 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है।


## नहीं नरम पड़े चाचा शिवपाल यादव के तेवर



**लखनऊ।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि उनके भतीजे एवं समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव परिपक्व होकर नये नेता जी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का नेतृत्व स्वीकार करने मे कोई भी गुरेज नही है । यूपी रोडवेज एंप्लॉयीज यूनियन के एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे शिवपाल यादव ने कहा कि पिछले दिनो उनकी अखिलेश यादव से लखनऊ मे लंबी और अच्छी बातचीत हो चुकी है। इस दौरान परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। उन्होने कहा कि विधानसभा चुनाव के ऐलान के बाद ही सपा और प्रसपा के बीच सीटों का बंटवारा तय हो जाएगा। हालांकि वे चाहते हैं कि उनकी पार्टी के जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट मिल जाए । शिवपाल ने कहा कि मैंने इस बात को भी स्वीकार कर लिया है कि सपा के नए नेताजी अखिलेश यादव ही हैं। मैं चाहता हूं कि अखिलेश एक बार फिर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें। शिवपाल यह भी कहने से नही चूके कि अखिलेश को कभी उन्होने ही राजनीति की ट्रेनिंग दी लेकिन आज अखिलेश परफेक्ट हो गए हैं। उन्होने अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद तो दिया ही, उनके और अखिलेश के दिल भी मिल गए और दोनों के बीच की दूरी भी घट गई हैं। प्रसपा अध्यक्ष ने कहा कि इस दौरान सीटों पर कोई बात नहीं हुई। अभी कई दौर की बैठके होंगी। चुनाव के ऐलान के बाद मिल कर बात करेंगे। सीटों के बंटवारे को लेकर कोई अवरोध नहीं आएगा। इस पर हम राजी हो गए हैं। उन्होने कहा कि मैंने अखिलेश के सामने अपनी बात यह कह कर रख दी है कि जीतने वाले उम्मीदवारों को टिकट दे दीजिए। अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाना है, इस पर वह तैयार हो गए। शिवपाल ने कहा कि हमने पुरानी बातों को खत्म कर दिया है। सपा में 40-45 साल काम किया है। बहुत से आंदोलन हुए हैं। कई लोग इसमें शहीद भी हुए हैं। फैसले लिए जाते हैं, पार्टी को आगे बढ़ाना है, तो त्याग और संघर्ष करने पड़ते हैं। अब उनके अंदर कोई मलाल नहीं है, बस सिर्फ हम अपनी बात रख देंगे और सलाह दे देंगे। ऐसे मे अखिलेश जो भी फैसला लेंगे, उसे हम मानने के लिए तैयार हैं। उन्होने कहा कि सपा और प्रसपा के गठबंधन के बाद अब दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बटवारें पर जल्द मुहर लग सकती है। यादव ने साफ किया है कि सपा-प्रसपा में सीटों को लेकर कोई मतभेद नहीं है। 2022 का विधानसभा चुनाव धर्मयुद्ध है, इसे जीतने के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मिलकर कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## 5जी नेटवर्कः फिर एचसी पहुंचीं जूही चावला

## सिंगल बेंच के फैसले को चुनौती, लगा था 20 लाख रुपए जुमार्ना



**नई दिल्ली।** 5जी वायरलेस नेटवर्क से इंसानों, जानवरों और वनस्पतियों पर रेडिएशन के दुष्प्रभाव का दावा करते हुए बॉलिवुड अभिनेत्री जूही चावला ने एक बार फिर दिल्ली हाई कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने सिंगल बेंच के फैसले को डबल बेंच में चुनौती दी है, जिसने जूही चावला की याचिका को खारिज करते हुए उन पर 20 लाख रुपए का जुमार्ना लगा दिया था। जूही की याचिका पर डबल बेंच कल (23 दिसंबर) सुनवाई होगी। जूही चावला, वीरेश मलिक और टीना वचानी ने याचिका दायर कर कहा था कि यदि दूरसंचार उद्योग की 5जी संबंधी योजनाएं पूरी होती हैं तो पृथ्वी पर कोई भी व्यक्ति, कोई जानवर, कोई पक्षी, कोई कीट और कोई भी पौधा इसके प्रतिकूल प्रभाव से नहीं बच सकेगा। जून में हाई कोर्ट ने जूही की याचिका को खारिज करते हुए तल्ख टिप्पणी भी की थी। कोर्ट ने याचिका को पब्लिसिटी स्टंट करार दिया था।

जूही की याचिका को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने कहा था कि याचिकाकर्ता ने कानूनी प्रक्रिया का गलत तरीके से इस्तेमाल किया है। हाई कोर्ट ने ऑर्डर में यह भी कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि यह याचिका सिर्फ प्रचार करने के लिए दायर की गई थी। जूही से कोर्ट ने सीधे याचिका दायर करने को लेकर सवाल खड़े किए थे। हाई कोर्ट ने कहा था कि तकनीक से संबंधित अपनी चिंताओं के संबंध में पहले सरकार को आवेदन करना चाहिए था। जूही चावला की याचिका पर न्यायमूर्ति जे आर मिढ़ा ने वर्चुअल सुनवाई की थी। अदालत ने कहा था कि चावला और दो अन्य लोगों को पहले अपने अधिकारों के लिए सरकार से संपर्क करने की आवश्यकता थी और यदि वहां इनकार किया जाता, तब उन्हें अदालत आना चाहिए था।

## अमित शाह से लेकर सोनिया और प्रियंका गांधी की सुरक्षा में तैनात होंगी सीआरपीएफ की महिला कमांडो



**नई दिल्ली।** वीआईपी सुरक्षा में प्रशिक्षित सीआरपीएफ महिला कमांडो की पहली टुकड़ी को जल्द ही गृह मंत्री अमित शाह, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और उच्च जोखिम वाली अन्य हस्तियों के साथ विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के लिए तैनात किया जाएगा। महिला कमांडो की यह पहली टुकड़ी इन नेताओं के साथ पांच राज्यों में आगामी चुनावों के दौरान भी तैनात की जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने अपने वीआईपी सुरक्षा विंग में 32 महिला कमांडो की अपनी पहली टुकड़ी को खड़ा किया है और अब उन्हें दिल्ली में स्थित अपने वीआईपी की रक्षा करने का काम सौंपा जाएगा, जिन्हें शीर्ष + सुरक्षा कवर मिला है। सूत्रों ने कहा कि इन महिला कमांडो ने वीआईपी सुरक्षा दायित्वों, निहत्थे युद्ध, जामा तलाशी और विशेष हथियारों से फायरिंग में अपना 10 सप्ताह का प्रशिक्षण पूरा किया है और अब इन्हें जनवरी में किसी समय तैनात किया जाएगा।

शुरूआत में, महिला कमांडो को दिल्ली में स्थित + श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त लोगों के साथ तैनात किया जाएगा, जैसे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेसी पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और उनकी पत्नी गुरशरण कौर शामिल हैं।

इन सुरक्षा प्राप्त लोगों को उनके उच्च जोखिम वाले प्रोफाइल के कारण एक एडवांस सुरक्षा संपर्क प्रोटोकॉल भी प्रदान किया जाता है। सूत्रों ने कहा कि करीब एक दर्जन अन्य जेड प्लस श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्राप्त लोगों के पास बारी-बारी से यह महिला कमांडो टुकड़ी होगी। महिला कमांडो को इन वीआईपी की गृह सुरक्षा टीम के हिस्से के रूप में तैनात किया जाएगा और यदि आवश्यक हो तो वे पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में आगामी विधानसभा चुनावों के दौरान इन लोगों के साथ होंगी। घर की सुरक्षा के लिए तैनात किए जाने पर ये कमांडो महिला आगंतुकों की तलाशी लेंगी और दौरे के दौरान वीआईपी के घर की पूरी सुरक्षा डिटेल का हिस्सा होंगी।

## यूपी की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी चिराग पासवान की एलजेपी

**पटना।** चिराग पासवान वाली लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में अकेले सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। एलजेपी ने बिहार विधानसभा का चुनाव भी अकेले ही लड़ा था। चुनाव से ठीक पहले वह एनडीए से अलग हो गए थे। इसका नतीजा रहा कि लोजपा को केवल एक सीट पर ही जीत मिली थी। उनके एकमात्र विधायक ने भी बाद में जेडीयू ज्वाइन कर विधानसभा में पार्टी का विलय ही करा दिया था। पार्टी के बिहार प्रदेश प्रवक्ता चंदन सिंह ने बताया कि यूपी चुनाव को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने नई दिल्ली में यूपी के प्रदेश अध्यक्ष मणिशंकर पाण्डेय, प्रदेश की कार्यकारिणी के सदस्य, तमाम जिलाध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक में इस मुद्दे पर गहन विचार-विमर्श किया। सिंह ने बताया कि इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं की आम सहमति के बाद यह निर्णय लिया गया कि बिना गठबंधन अकेले ही पार्टी चुनाव के मैदान में उतरेगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत देवरी कला वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत देवरी कला विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 22–12–2021 से दिनांक 27–12–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत देवरी कला में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 30–12–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 30–12–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्की सड़क से अशोक पाण्डेय के घर तक पक्की नाली निर्माण (15 वां वित्त) | 1.49 लाख | 1 माह |
| 2. | भीमसेन के घर से हिन्दलाल के घर तक पक्की नाली निर्माण (15 वां वित्त) | 1.0 लाख | 2 माह |
| 3. | बिन्ध्यांचल के घर से झुरहीं तालाब तक नाली मरम्मत कार्य (राज्य वित्त) | 1.0 लाख | 2 माह |
| 4. | 33 के.सी. ट्यूबेल नाली निर्माण कार्य (मनरेगा से) | 7.00 लाख | 3 माह |

कमला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत देवरी कला
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

राम सकल
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत देवरी कला
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## काशी से कल पीएम मोदी करेंगे घरौनी योजना का शुभारंभ, वाराणसी को देंगे अरबों की सौगात

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। इस बार उनका प्रवास करीब दो घंटे का होगा। प्रधानमंत्री वाराणसी-जौनपुर मार्ग पर स्थित करखियांव में अमूल डेयरी प्लांट सहित 2095.67 करोड़ रुपये की 27 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसके साथ ही राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के तीन विकास कार्यक्रमों का शुभारम्भ भी करेंगे। उनमें एक ह्यप्रधानमंत्री स्वामित्व योजनाह्न के तहत प्रदेश के 20 लाख से अधिक लोगों को ग्रामीण आवासीय अधिकार रिकॉर्ड ह्यघरौनीह्न का वर्चुअली वितरण भी शामिल है। ग्रामीण इस प्रमाणपत्र का इस्तेमाल लोन लेने सहित अन्य कार्यों में कर सकते हैं।



पीएम के हाथों बनास डेयरी से जुड़े 1.7 लाख से अधिक दूध उत्पादकों के बैंक खातों में 35 करोड़ रुपये बोनस के डिजिटल स्थानांतरण का शुभारम्भ होगा। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की मदद से भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की ओर से विकसित, दुग्ध उत्पादों की अनुरूपता आकलन योजना को समर्पित एक पोर्टल और लोगो का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का इस माह में दूसरा दौरा हो रहा है। 13 दिसम्बर को वह काशी विश्वनाथ धाम का उद्घाटन करने आए थे। प्रोटोकॉल के मुताबिक पीएम दोपहर करीब एक बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पर एयरफोर्स के विमान से पहुंचेंगे। यहां से करीब 12 किमी दूर करखियांव स्थित सभास्थल पर सड़क मार्ग से जाएंगे। प्रधानमंत्री वहां 870.16 करोड़ से अधिक लागत वाली 22 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

## हरीश रावत के बयान पर कैप्टन अमरिंदर का तंज, कहा- आप जो बोते हैं वही काटते हैं



**नई दिल्ली।** पंजाब के वेटरन राजनेता अमरिंदर सिंह ने बुधवार को कांग्रेस में अपने पूर्व सहयोगी हरीश रावत पर पुरानी कहावत पर कटाक्ष किया कि 'आप जो बोते हैं वही काटते हैं'। गौर हो कि उत्तराखंड के पूर्व सीएम और पूर्व पंजाब कांग्रेस प्रभारी हरीश रावत ने गांधी परिवार का नाम न लेते हुए हमला बोला कि उनके नुमाइंदे मेरे हाथ पैर बांध रहे हैं। पंजाब के पूर्व सीएम और पंजाब लोक कांग्रेस के संस्थापक कैप्टन अमरिंदर ने हरीश रावत पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट करते हुए रावत पर निशाना साधा। लिखा कि आप जो बोते हैं वही काटते हैं। साथ ही कैप्टन ने हरीश रावत को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। गौर हो कि हरीश रावत ने ऐलान किया है कि जल्द ही बड़ा ऐलान करने वाले हैं। बताते चलें कि पंजाब कांग्रेस के संकटमोचक में से कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कुछ माह पहले चालीस से ज्यादा दशकों के साथ के बाद पार्टी छोड़ दी थी। साथ ही पंजाब सीएम पद से भी इस्तीफा दे दिया था। हरीश रावत पर आरोप लगता रहा है कि उन्होंने कैप्टन पर संगठन से सहयोग न करने का आरोप लगाया और कई बार गुप्त रुप से टिप्पणी भी की थी कि अब उनके आराम करने का वक्त है। अब क्योंकि हरीश रावत ने पार्टी हाईकमान पर ही अपने नुमाइंदो के जरिए हाथ-पैर बांधने का आरोप लगाया है। उन्होंने लगातार तीन ट्वीट करते हुए अपनी वेदना व्यक्त की थी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01–10–2021 से दिनांक 05–10–2021 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 12–10–2021 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 12–10–2021 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | नहर से अनिल के घर तक इण्टलाकिंग कार्य | 4.00 लाख | 1 माह |
| 2. | अभयराज के घर से राधिका प्रसाद के घर तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 3.50 लाख | 2 माह |
| 3. | अनिल के घर से मुकुन्द लाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 4.00 लाख | 2 माह |

कुसुम देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2020–21/ दिनांक

प्रीती शुक्ला
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत तेवरिया खुर्द
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


## नीलाम हुआ दुनिया का पहला नायाब एसएमएस

**नई दिल्ली।** दुनिया के पहले टेक्स्ट मैसेज यानी एसएमएस की नीलामी पेरिस में हुई. इस एसएमएस की कीमत 91 लाख रुपये से अधिक लगाई गई. इसको एक अनाम शख्स ने खरीदा है.पेरिस के एगट्स नीलामी घर ने कहा कि 1992 में मोबाइल फोन पर भेजा गया पहला एसएमएस मंगलवार को नीलामी में एनएफटी के रूप में 1,21,600 डॉलर यानी 91 लाख 15 हजार रुपये से अधिक में बिका. इस पहले एसएमएस के खरीदार की पहचान का खुलासा नहीं किया गया है. इस एसएमएस की नीलामी एनएफटी यानी नॉन फंजीबल टोकन के रूप में हुई. इस एसएमएस को एनएफटी में तब्दील कर दिया गया है।

पहला एसएमएस वोडाफोन के कर्मचारी रिचर्ड जार्विस को ₹मेरी क्रिसमस₹ की बधाई के लिए भेजा गया एक 15 कैरेक्टर का संदेश था. प्रोग्रामर नील पापवर्थ ने अपने सहयोगी जार्विस को उस समय संदेश भेजा था, जब वे कंपनी की क्रिसमस पार्टी में शामिल थे. इस एसएमएस का खरीदार बिटक्वॉइन के बाद दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी एथर में भुगतान करेगा. एनएफटी क्या है? एनएफटी यानी नॉन फंजीबल टोकन. अर्थव्यवस्था में फंजीबल संपत्ति उसे कहते हैं जो हाथ से ली-दी जा सके. जैसे आपके पास 100 रुपये का नोट है, जिसे देकर आप 50-50 रुपये के दो नोट ले सकते हैं।

यह फंजीबल संपत्ति है. तो इसके उलट नॉन-फंजीबल हुआ, जिसका ठोस आधार पर लेन-देन ना हो सके. यानी उसकी कीमत कुछ ऐसी है कि उसके बदले कुछ लिया दिया नहीं जा सकता. यह कोई घर भी हो सकता है, कोई पेंटिग या कोई तस्वीर हो सकती है. ऐसी चीजें दूसरी नहीं हैं, तो इनकी असल कीमत तय करना मुश्किल है. डिजिटल जगत में ऐसी चीजों को सामान्य चीजों की तरह खरीदा बेचा जा सकता है. इसके बदले डिजिटल टोकन मिल जाएंगे, जिन्हें एनएफटी कहा जाता है। एनएफटी को ब्लॉकचेन तकनीक के जरिए संभाला जाता है. रकम का क्या करेगा वोडाफोन वोडाफोन ने कहा कि वह बिक्री की आय संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) को दान करेगा।


**अखंड भारत संदेश** के लिए (स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति) क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूसी प्रयागराज उत्तर प्रदेश 211019 से प्रकाशित एवं विपिन इंटरप्राइजेज 1/6C माधवकुंज, कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

स्वामी श्री योगी सत्यम योग सत्संग समिति पी.आर.बी .एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदाई। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

UPHIN 29506


## स्पेन में मिला नौवीं शताब्दी का मंदिर, जूलियस सीजर ने की थी इसमें प्रार्थना

**नई दिल्ली।** अभी हाल ही में उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में कुछ पुरातत्वविदों ने बौद्ध काल के 2300 साल पुराने एक मंदिर की खोज की थी। इसमें बेशकीमती कलाकृतियां भी खुदाई में मिली थीं। यह मंदिर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में बारीकोट तहसील के बौद्ध काल के बाजीरा शहर में मिला था। इसी कड़ी में अब स्पेन में भी एक बहुत पुराने मंदिर की खोज की गई है। बताया जा रहा है कि यह मंदिर नौवीं शताब्दी ईसा पूर्व का है। इतना ही नहीं इस मंदिर के बारे में और भी कई चौंकाने वाले दावे किए गए हैं।

दरअसल, यह मंदिर स्पेन स्थित कैडिज की खाड़ी में मिला है। 'डेली मेल' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मंदिर को हरक्यूलिस गैडिटेनस मंदिर कहा जाता था। इसके बारे में दावा किया गया है कि यहां प्रसिद्ध तानाशाह जूलियस सीजर सहित प्राचीन यूनानी और अन्य रोमन यहां पहुंचे थे। इन लोगों ने भगवान हरक्यूलिस से शक्ति के लिए प्रार्थना भी की थी। रिपोर्ट के मुताबिक पुरातत्वविदों ने दावा किया है कि उन्होंने इस पौराणिक मंदिर के खंडहर खोज लिए हैं। इस मंदिर को नौवीं शताब्दी ईसा पूर्व का बताया गया है। पुरातत्वविदों की एक टीम ने इस मंदिर के लिए 984 फीट लंबी और 492 फीट चौड़ी एक आयताकार संरचना की पहचान की है। दावा है कि हरक्यूलिस गैडिटैनस का मंदिर 'स्तंभों वाला मंदिर' था।

बताया जा रहा है कि मंदिर में एक ज्वाला लगातार जलती रहती थी। यहां रहने वाले पुजारी इसे दिन-रात जलाए रखते थे। इस मंदिर के स्तंभों पर कई चित्र उकेरे गए हैं। फिलहाल यह मंदिर स्पेन सहित दुनिया के कई अन्य देशों के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है। रिसर्चरों की कई टीम अब इस जगह का चक्कर लगा रही है। यह अलग बात है कि अभी मंदिर के सिर्फ अवशेष ही खोजे गए हैं।